

‘धरती धोरां री’ में नगाड़ों की दिल छूती लय

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 337 | जयपुर, शुक्रवार, 17 नवंबर, 2023 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष- चतुर्थी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

विधानसभा चुनाव 2023

काउंटडाउन 09 दिन शेष






## चुनावी घमासान | कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मोदी-अडाणी पर तो भाजपा अध्यक्ष कांग्रेस सरकार पर बरसे

# ‘BJP आई तो कांग्रेस की सारी योजनाओं को कर देगी खत्म’

### राज्य में सरकार बनी तो कराया जाएगा जातिगत सर्वेक्षण: राहुल

बेधड़क | जयपुर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि अगर राज्य में भाजपा की सरकार बनी तो वह मौजूदा कांग्रेस सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी कल्याणकारी योजनाओं को खत्म कर देगी और अरबपतियों की मदद करेगी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी राजस्थान के तारानगर (चूरू) में ‘कांग्रेस गारंटी रैली’ को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, ‘राज्य में अगर भाजपा की सरकार आएगी तो जो भी हमने आपके लिए किया है... चाहे वह पुरानी पेंशन योजना हो, चाहे वह चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना हो, चाहे वह 500 रुपए में गैस सिलेंडर हो, चाहे वह महिलाओं को 10,000 रुपए देने की बात हो... भाजपा सब खत्म कर देगी और एक बार फिर अरबपतियों की मदद करना शुरू कर देगी।’ राहुल गांधी ने आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को भारी बहुमत से जिताने की अपील करते हुए कहा कि ‘जो काम हमने जनता के लिए शुरू किया है, उसे दोगुनी रफ्तार से करेंगे।’

उन्होंने कहा, ‘कांग्रेस को आपने वोट दिया तो गरीबों को फायदा होगा, किसानों का फायदा होगा, किसानों का कर्जा माफ होगा, किसानों की मदद होगी, छोटे व्यापारियों का फायदा होगा। ये आपको निर्णय करना है। आप अडाणी की सरकार चाहते हो या किसानों मजदूरों और युवाओं की सरकार चाहते हो?...अडाणी की सरकार कोई नहीं चाहता।’ कांग्रेस नेता ने कहा कि राज्य में कांग्रेस सरकार दोबारा बनने पर जातिगत सर्वेक्षण करवाया जाएगा।



#### ‘मोदी की गारंटी’ पर किया कटाक्ष

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ‘मोदी की गारंटी’ वाक्य का इस्तेमाल किए जाने पर कटाक्ष करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा,‘नरेंद्र मोदी जी कहते हैं मोदी की गारंटी... जबकि मोदी की गारंटी का मतलब... अडाणी की गारंटी। कांग्रेस का मतलब किसानों, मजदूरों, युवाओं की सरकार... यह फर्क है। आपको निर्णय करना है।’ पार्टी के उम्मीदवारों को जिताने की अपील करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा,‘कांग्रेस पार्टी को भारी बहुमत से चुनाव जिताइए और जो काम हमने आपके लिए शुरू किए हैं उसे और तेजी से, दोगुने रफ्तार से हम आपके लिए करेंगे।’

**पिछड़ों की जितनी आबादी, उतना उनका हक:** हनुमानगढ़ के नोहर क्षेत्र में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की दोबारा सरकार बनने पर जातिगत सर्वेक्षण करवाया जाएगा। उन्होंने कहा,‘कांग्रेस पार्टी राजस्थान में जाति जनगणना.. जाति सर्वेक्षण कराएगी और देश में हमारी सरकार आएगी तो मैं आपको गारंटी दे रहा हूं... जैसे ही हिंदुस्तान में कांग्रेस पार्टी की सरकार आएगी हम जाति जनगणना उसी दिन शुरू कर देंगे और पिछड़ों की जितनी आबादी है, उतना हक हम हिन्दुस्तान की रीढ़ की हड्डी यानी पिछड़ों के हवाले कर देंगे।’ राहुल ने कहा, ‘मोदी सरकार ने हिंदुस्तान के युवाओं को बेरोजगार कर दिया है। हर युवा काम करना चाहता है, मगर नरेन्द्र मोदी की नीतियों ने युवाओं की शक्ति को नष्ट कर दिया है।’

# भ्रष्ट है राज्य सरकार, यहां चाहिए डबल इंजन गवर्नमेंट: नड्डा

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जारी किया पार्टी का चुनाव घोषणा पत्र

बेधड़क | जयपुर

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि सुशासन और कानून व्यवस्था फिर स बहाल करने के लिए राज्य की कांग्रेस सरकार को हटाकर यहां डबल इंजन सरकार बनाना जरूरी है। उन्होंने राजस्थान सरकार पर पांच मुद्दों महिला क्राइम, भ्रष्टाचार, किसान तिरस्कार, पेट्रोल-डीजल पर सर्वाधिक वैट और पेपर लीक से युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ा को लेकर जमकर आरोप लगाए। नड्डा गुरुवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय के मीडिया सेंटर में भाजपा का घोषणापत्र (संकल्प पत्र) ‘आपणो अग्रणी राजस्थान संकल्प पत्र-2023’ का विमोचन के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर परीक्षापत्र लीक व अन्य घोटालों की जांच के लिए एसआईटी गठित होगी।

नड्डा ने कहा, ‘हमारी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि ऐसे मामलों में दोषियों को दंड मिले।’ उन्होंने कहा, ‘केन्द्र सरकार ने हर क्षेत्र में राजस्थान के विकास किए कार्य किया है लेकिन हम डबल इंजन की सरकार चाहते हैं।’




**विकास का रोडमैप** नड्डा ने कहा, ‘अन्य पार्टियों के लिए घोषणापत्र महज एक औपचारिकता है, पर भाजपा के लिए यह विकास का खाका है। इसलिए ये संकल्पपत्र मात्र पन्नों पर लिखे शब्द नहीं हैं यह हमारे लिए ऐसे वाक्य हैं, जिन्हें पूरा करने के लिए हम कटिबद्ध हैं।’

#### घोषणापत्र (संकल्प पत्र) में किए ये वादे

- महिलाओं को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा दी जाएगी।
- मातृ वंदन की रकम बढ़ाई जाएगी. इसे 4 हजार से बढ़ाकर 8 हजार किया जाएगा।
- एम्स और आईआईटी की तर्ज पर हर डिविजन पर राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे।
- एसआईटी बनाकर सौंपी जाएग पेपर लीक मामलों की जांच।
- गेहूं की उपज को प्रति क्विंटल 2,700 रुपए में खरीदा जाएगा और एमएसपी के ऊपर बोनस दिया जाएगा।
- बेटी के जन्म पर दो लाख का सेविंग बॉन्ड दिया जाएगा।
- कांग्रेस सरकार में नीलाम हुई किसानों की जमीन का उचित मुआवजा देने के लिए एक मुआवजा नीति बनाई जाएगी।
- हर जिले में महिला थाना, हर थाने में महिला डेस्क और सभी प्रमुख शहरों में एंटी रोमियो स्क्वॉड का गठन करेंगे।
- लखपति दीदी योजना के अंतर्गत 6 लाख से ज्यादा ग्रामीण महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- पीएम उज्ज्वला योजना के तहत सभी गरीब परिवारों की महिलाओं को 450 रुपए में सिलेंडर प्रदान किया जाएगा।
- आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के छात्रों को यूनिफॉर्म आदि के लिए 1,200 रुपए की वार्षिक सहायता प्रदान की जाएगी।
- टूरिज्म की दृष्टि से टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन कौशल कोर्स बनाकर पांच लाख युवाओं को प्रशिक्षित कर और इसी के साथ-साथ रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करेंगे।
- प्रदेश में अगले 5 साल में ढाई लाख बेरोजगारों को नौकरी दी जाएगी।

## जरूरी खबर

### रुपया चौदह पैसे टूटा, 83.23 प्रति डॉलर पर




**मुंबई।** विदेशी कोषों की निकासी के बीच गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 14 पैसे कमजोर होकर 83.23 (अस्थाई) के भाव पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले गिरावट के साथ 83.18 के भाव पर खुला। कारोबार के दौरान रुपया 83.17 से लेकर 83.25 के दायरे में रहा। कारोबार के अंत में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.23 (अस्थाई) के भाव पर बंद हुआ, जो इसके पिछले बंद स्तर के मुकाबले 14 पैसे की गिरावट है।

## ये भी देखें...

भ्रष्टाचारियों के पीछे तो ईडी ही लगेगी: जेपी नड्डा पेज-2

नहाय-खाय के साथ आज से छठ पूजा पेज-3

## ऑस्ट्रेलिया ने ‘चोकर्स’ दक्षिण अफ्रीका को हराया

# अब फाइनल में 19 को टीम इंडिया से होगी भिड़ंत

एजेंसी | कोलकाता

वनडे विश्वकप के यहां ईडन गार्डन मैदान पर गुरुवार को खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने एक-एक को तरसाने वाले इस मैच में काफी मशक्कत के बाद दक्षिण अफ्रीका को 3 विकेट से हरा कर भारत के साथ 19 नवंबर को अहमदाबाद में फाइनल में खेलने का हक प्राप्त कर लिया। दक्षिण अफ्रीका एक बार फिर उनके ‘चोकर्स’ के अभिशाप को तोड़ने में विफल रहा।

दक्षिण अफ्रीका की टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 24 पर चार विकेट गंवाकर पस्त होने वाली थी, तभी किलर डेविड मिलर और क्लासेन ने लंबी साझेदारी कर टीम को 119 तक पहुंचाया। लेकिन इसी स्कोर पर क्लासेन और यान्सेन के दो विकेट गंवा फिर सांसत में पड़ गया। इसके बाद मिलर ने शतक लगाते हुए टीम को 212 रन तक पहुंचाया।



#### कंगारुओं को भी करना पड़ा संघर्ष

लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने बेहतरीन शुरुआत कर 60 रन तक पहुंचा, लेकिन यहीं वार्नर और एक रन बाद ही मार्श का विकेट गंवा दिया। इसके बाद स्पिन लेते पिच पर उसके विकेट थोड़े-थोड़े अंतराल से गिरते रहे और एक समय 197 पर 7 बैटर के पवेलियन लौटने पर मैच फंस गया। अलबत्ता, यहां से कैप्टन कमिंस और मिचेल स्टार्क धीरे-धीरे लक्ष्य के पास पहुंच गए और 48वें ओवर की दूसरी बॉल पर कमिंस ने विजयी चौका लगा दिया। आस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड (48 बॉल पर 62 रन) को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## प्रदेश में दोनों प्रमुख दलों का चुनाव प्रचार पहुंचने लगा चरम पर

# राहुल, प्रियंका और खरगे के तूफानी दौरे 19 से

बेधड़क | जयपुर

विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए कांग्रेस ने राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे सहित अन्य स्टार प्रचारकों के तूफानी दौरे शुरू कर दिए हैं।

इसी कड़ी में कांग्रेस नेता राहुल गांधी 19 नवंबर को प्रातः 11 बजे देई (बूंदी), दोपहर 1 बजे दौसा, मध्याह्न 3 बजे सीकर, 21 नवंबर को प्रातः 11 बजे वल्लभनगर (उदयपुर), दोपहर 1 बजे आकोली (जालोर), मध्याह्न 3 बजे बायतू (बाड़मेर), 22 नवंबर को प्रातः 11 बजे राजाखेड़ा (धौलपुर), दोपहर 1 बजे नदबई (भरतपुर), मध्याह्न 3 बजे गंगापुर सिटी में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे 18 नवंबर को भरतपुर जिले की वैर तथा अलवर जिले की तिजारा में सभाएं लेंगे। उनका 20 को अनूपगढ़ एवं हनुमानगढ़ तथा 21 को उदयपुर के मावली तथा कोटा उत्तर क्षेत्र में उनका चुनावी सभाओं का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

वहीं, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी 17 को दोपहर 12:30 बजे सागवाड़ा में और दोपहर 2:30 बजे चित्तौड़गढ़ में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी।

### पीएम मोदी की कई रैलियां और रोड शो प्रस्तावित

यहां पर 25 नवंबर को मतदान होगा और इससे पहले पीएम मोदी राजस्थान में 4 रैलियां और 2 रोड शो कर सकते हैं। 25 नवंबर से पहले पीएम मोदी की 6 यात्राओं में 4 सार्वजनिक बैठकें और दो शहरों में रोड शो शामिल करने का कार्यक्रम संभव है। बीजेपी सूत्रों के मुताबिक पीएम का 18 को भरतपुर, 18 को नागौर और 20 को पाली में रैलियां प्रस्तावित हैं। इसके साथ ही 22 और 23 को जोधपुर और जयपुर में पीएम मोदी का रोड शो भी तय हो रहा है।

## बढ़ती साइबर क्राइम की वारदातें

# बैंक फ्रॉड खोलने में नाकाम पुलिस ले रही एफआर का सहारा

- आरोपी हाथ नहीं आए तो 3,900 मामलों में दे दी अंतिम रिपोर्ट
- बिना जांच ही साइबर क्राइम के प्रकरणों की फाइलें ठंडे बस्ते में
- साइबर क्राइम एक्सपर्ट नहीं होना बड़ी कमजोरी

ओम प्रकाश शर्मा | बेधड़क

**जयपुर।** लोगों के बैंक खातों से करोड़ों रुपए निकालने वाले बदमाशों का सुराग लगाने में नाकाम पुलिस ऐसे प्रकरणों को एफआर लगाकर बंद कर रही है। पुलिस ने पिछले 4 साल में साइबर क्राइम के 6,620 मुकदमे दर्ज किए हैं। इनमें से पुलिस ने 3,900 मामलों में फाइल में यह लिखकर बंद कर दिया कि आरोपियों का कोई सुराग नहीं लगा। दरअसल, ‘सच बेधड़क’ ने वर्ष 2019 से फरवरी 2023 तक पुलिस थानों में दर्ज हुए साइबर क्राइम के मामलों को खंगाला तो यह चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं।




#### क्या कहते हैं जानकार

“साइबर क्राइम पुलिस के लिए चुनौती बन गया है। पुलिस को ऐसे प्रकरणों का अनुसंधान करने के लिए एक्सपर्ट तैयार करने चाहिए। क्योंकि वर्तमान में पुलिस थानों में मौजूद पुलिसकर्मी ऐसे प्रकरणों में तकनीकी के माध्यम से अनुसंधान नहीं कर पा रहे हैं।

**अनिल गोठवाल,** रिटायर्ड एडिशनल एसपी

“पुलिस द्वारा साइबर क्राइम के मामलों में अपराधियों का पता नहीं लगा तो फाइल में अदम पता लिखकर एफआर देते हैं। ऐसे में पीड़ित को न्याय नहीं मिल रहा है। यह चिंताजनक है।

**सुनील वशिष्ट,** हाई कोर्ट एडवोकेट

#### इसलिए पेंडिंग पड़ी रहती है जांच

पुलिस थानों में पुलिसकर्मी साइबर क्राइम के अनुसंधान के एक्सपर्ट ही नहीं है। वे अनुसंधान के दौरान कॉल डिटेल, बैंक डिटेल, गूगल व मोबाइल कंपनियों से संपर्क करके आरोपियों तक पहुंचने के संबंध में जानकारी ही नहीं ले पा रहे हैं। ऐसे में कई माह तक फाइल अनुसंधान में पेंडिंग रहती है और फिर अनुसंधान अधिकारी द्वारा प्रकरण में एफआर लगा दी जाती है।

#### 760 मामलों में तो जांच ही शुरू नहीं

जनवरी 2019 से फरवरी 2023 तक साइबर क्राइम के 6,620 मुकदमे दर्ज हुए हैं। इनमें बैंकिंग फ्रॉड समेत अन्य आईटी एक्ट के मामले शामिल हैं। पुलिस ने केवल 1,901 प्रकरण में ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। 760 प्रकरणों का अभी तक अनुसंधान भी नहीं हुआ है। पिछले दस साल में केवल 10 मामलों में ही आरोपियों को सजा दिला पाई है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने में सबसे ज्यादा जोधपुर और जयपुर कमिश्नरेट की पुलिस फिसड्डी है।

## ‖ जरूरी खबर ‖

### अब तक 607 करोड़ की जब्ती, जयपुर अव्वल



**जयपुर।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर विभिन्न एनफोर्समेंट एजेंसियों द्वारा 607 करोड़ रुपए मूल्य की अवैध नकदी और अवैध सामग्री जब्त की गई है। प्रदेश में गत विधानसभा आम चुनाव के मुकाबले अब तक 870 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो चुकी है। जयपुर 100 करोड़ 46 लाख रुपए के सीजर के साथ सबसे आगे है। यहां 15 करोड़ 52 लाख रुपए की अवैध नकदी, 15 करोड़ 33 लाख का सोना-चांदी एवं अन्य बहुमूल्य धातुएं, 66 करोड़ 71 लाख की अन्य वस्तुएं, 1 करोड़ 71 लाख रुपए की ड्रग्स और 1 करोड़ 24 लाख की अवैध शराब जब्त की गई है।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने की कवायद में जुटा विभाग

**बेधड़क,जयपुर।** विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को 85 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए निर्वाचन विभाग की ओर से बनाया गया त्रि-स्तरीय वॉर रूम हर दो घंटे में राज्य, जिला और विधानसभा क्षेत्र स्तर पर स्थिति का आंकलन करेगा। टीम बूथों के मतदान प्रतिशत की रिपोर्ट तैयार करेगी। औसत से कम मतदान वाले मतदान केन्द्रों पर तुरन्त रणनीति बनाकर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। 25 नवंबर को व्यापक स्तर पर स्वीप गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। 65 प्रतिशत से कम मतदान वाले 22 हजार 365 मतदान केन्द्रों को चिन्हित किया गया है, जहां मतदाताओं को प्रेरित किया जाएगा।

### ईआरसीपी को पूरा करेगी भाजपा सरकार: शेखावत



**थानागाजी।** केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत गुरुवार को गहलोत सरकार पर जमकर बरसे और उन्होंने कहा कि इस सरकार ने सभी वर्गों के साथ धोखा किया है। ईआरसीपी पर राजनीति की है। अब भाजपा ही इस योजना को पूरी करेगी। थानागाजी में भाजपा प्रत्याशी हेमसिंह भड़ाना के पक्ष में चुनावी सभा में शेखावत ने कहा कि अब प्रधानमंत्री के निर्देश में हमने नदी जोड़ो योजना बनाई है। इसमें पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों को आगामी 30 साल तक सिंचाई और पेयजल मिलता रहेगा। नदी जोड़ो की इस परियोजना को टॉप पांच परियोजनाओं में शामिल किया है। उन्होंने कहा कि ईआरसीपी को भाजपा पूरी करेगी। यह संकल्प हमने पार्टी के संकल्प पत्र में भी शामिल किया है।

---

**कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवाणी ने भाजपा पर साधा निशाना, कांग्रेस सरकार की योजनाओं का किया बखान**

# गुजरात मॉडल दिखावा, गहलोत मॉडल अपनाने की जरूरत

**बेधड़क** | जयपुर

कांग्रेस के स्टार प्रचारक गुजरात के विधायक जिग्नेश मेवाणी ने भाजपा और गुजरात मॉडल पर निशाना साधा है। पीसीसी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में मेवाणी ने कहा कि गुजरात मॉडल दिखावा है।

गुजरात को गहलोत मॉडल से सीखने को कहा है। उन्होंने गुजरात मॉडल पर बोलते हुए कहा कि मैं आपके बीच गुजरात मॉडल और राजस्थान मॉडल की सच्चाई रखना चाहता हूं। गुजरात में हेल्थ मिनिस्टर के क्षेत्र में चिकित्सा सुविधाओं का अभाव मिलेगा। गुजरात मॉडल की जितनी ब्रांडिंग की गई हो, पीएम मोदी की ब्रांडिंग की गई हो, लेकिन कोरोना संकट में बीजेपी के पन्ना प्रमुख को भी गुजरात सरकार ऑक्सीजन नहीं दे पाई थी। अस्पताल में बेड और रेमडीसिवर इंजेक्शन नहीं दे पाई थी। दूसरी तरफ राजस्थान में ऊंचा हो या नीचा हो, अमीर हो या गरीब हो, हिंदू या मुस्लिम हो, सभी जाति-धर्म के लोगों के लिए गहलोत सरकार चिरंजीवी योजना में 25 लाख तक का बीमा दे रही है।



मुझे लगता है गुजरात को गहलोत मॉडल से सीखना चाहिए। मेवाणी ने राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी के घोषणा पत्र को जुमलेबाजी का मेनिफेस्टो बताया है।

### गुजरात में खाली पड़े हैं पद

मेवाणी ने कहा कि जेपी नड्डा ने घोषणा पत्र में 2 लाख नौकरियां देने का वादा किया है। जबकि केंद्र की मोदी सरकार ने हर साल 2 करोड़ नौकरी देने का वादा किया था। 9 साल में 18 करोड़ को नौकरी देनी थी, लेकिन रोजगार नहीं दे पाए। जिस गुजरात से पीएम मोदी आते हैं, उस गुजरात में कई विभागों में पद खाली पड़े हैं। जबकि राजस्थान में गहलोत सरकार 3 लाख युवाओं को रोजगार दे चुकी है। इनमें से 1.50 लाख लोगों को नियुक्ति भी मिल चुकी है। विद्यार्थियों-युवा साथियों के लिए राजस्थान में युवा बोर्ड का गठन हुआ है। करीब 1 करोड़ लोगों के बिजली का बिल राजस्थान में शून्य हो गया।

### गिर्राज मलिंगा को कैसे दे दिया टिकट

विधायक मेवाणी ने कहा कि गुजरात में दलित उत्पीड़न के मामलों में सजा की दर केवल 5 प्रतिशत है जबकि राजस्थान में दलित अत्याचार को लेकर दर्ज मुकदमों में सजा की दर राष्ट्रीय औसत से दुगुनी के करीब है। विधायक रहे गिरिराज मलिंगा पर बिजली विभाग के दलित अधिकारी पर हमला करने के इल्जाम के बावजूद भाजपा ने उन्हें टिकट दे दिया। जबकि मोदी जी कहते हैं मारना है तो मुझे मारो, मेरे दलित भाइयों को मत मारो। उसी बीजेपी ने दलित की पिटाई करने वाले मलिंगा को पार्टी में शामिल किया और उनको प्रत्याशी भी बना दिया।

### रोजगार को लेकर मोदी के पास कुछ नहीं

मेवाणी ने कहा कि राजस्थान में चुनाव अंतिम चरण में है। मुझे यकीन है कि पीएम मोदी राजस्थान आएंगे तो उनके पास रोजगार के सवाल को लेकर कुछ जवाब नहीं होगा। वो केवल 6 शब्द बोलेंगे हिंदू, मुस्लिम, मंदिर, मस्जिद और भारत-पाकिस्तान। इनके अलावा उनके पास कोई राजनीति नहीं है।

### 450 में पूरे देश में दे सिलेंडर

मेवाणी ने कहा कि भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने राजस्थान में जो चुनाव घोषणा पत्र जारी किया उसमें 450 रुपए में गैस सिलेण्डर देना का वादा किया है, यह पूरे देश में क्यों नहीं दे दिया जाता।

---

**चुनावी समर में भाजपा के दिग्गजों का हल्ला बोल**

# भ्रष्टाचारियों के पीछे तो ईडी ही लगेगी: जेपी नड्डा

- कांग्रेस सरकार पर बरसे भाजपा नेता, प्रदेशभर में चुनावी सभाएं
- योगी, वसुंधरा राजे, खट्टर, ईरानी समेत कई नेताओं के दौरे

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान के रण में सियासी दलों के स्टार प्रचारकों का आना शुरू हो गया है। विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग में 10 दिनों से भी कम का समय बाकी है। कम समय होने की वजह से सियासत की बिसात पर शह और मात के खेल में सभी दलों की सक्रियता बढ़ गई है। वही भाजपा के स्टार प्रचारक भी चुनावी मैदान में जोर लगाए हुए हैं।

गुरुवार को इसी कड़ी में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दौसा के सिकराय और महुवा में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। जहां नड्डा के साथ राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा भी मौजूद रहे। सिकराय में भाजपा प्रत्याशी विक्रम बंशीवाल के समर्थन में सभा करने पहुंचे नड्डा ने कांग्रेस सरकार को जमकर आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि यहां के सीएम अशोक गहलोत के भाई ने सब्सिडी वाले खाद को एक्सपोर्ट कर दिया। इसके बाद सीएम ने शिकायत की, हमारे पीछे ईडी लगा दी। भ्रष्टाचार करने वाले के पीछे ईडी नहीं तो कौन लगेगा। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन को राजस्थान में जेब भरो मिशन बना दिया गया। 20 हजार करोड़ का घोटाला किया गया। पीएम आवास योजना में 9 लाख 22 हजार मकान बनने थे लेकिन कांग्रेस ने अड़ंगा लगा दिया। गरीब विरोधी इस सरकार को हटाना है तो विक्रम बंशीवाल को जिताकर भेजना होगा।



### महुवा में राजेंद्र मीणा के समर्थन में सभा

सिकराय से पहले जेपी नड्डा ने महुवा से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र मीणा के समर्थन में सभा की। इस दौरान राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा भी मौजूद रहे। सभा में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र मीणा, जिलाध्यक्ष प्रभुदयाल शर्मा, भूपेंद्र सैनी, पदाधिकारी व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान महुवा में जेपी नड्डा ने कहा कि सांसद किरोड़ी लाल मीणा मुझसे अशोक गहलोत सरकार के भ्रष्टाचार की बातें कर रहे थे। 5 साल में कांग्रेस राज में खूब घपले हुए। अब राजेंद्र मीणा की अगवाई में महवा आगे बढ़ेगा।

### कोटा में गरजे योगी

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कोटा के इटावा में जनसभा हुई। जनसभा के दौरान योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर जमकर प्रहार किया। तेजाजी मैदान में 16 मिनट तक के संबोधन में उन्होंने देश की समस्याओं के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार बताया। योगी आदियत्यनाथ ने कहा कि कांग्रेसी समस्याओं की जड़ हैं और मोदी इन समस्याओं का समाधान हैं। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने आतंकवाद की जड़ कश्मीर की धारा 370 को सदैव के लिए समाप्त कर दिया।

### सीएम खट्टर ने किया रोड शो

हरियाणा मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर राजस्थान के रण में चुनाव प्रचार के लिए गुरूवार को हनुमानगढ़ पहुंचे। हनुमानगढ़ विधानसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी अमित सहू के समर्थन मे मनोहर लाल खट्टर ने रोड शो किया। बीजेपी का ये रोड शो शहर के मुख्य मार्गो से रैली के रूप निकला। इस दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि यहां कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर फेल रही है। खट्टर ने कहा कि हरियाणा ने हमेशा राजस्थान के साथ मिलकर काम किया है, चाहे वो पानी का मुद्दा हो या किसानों का। खट्टर ने अरोड़वंश समाज को संदेश देते हुए कहा की मैं भी इसी समाज से हूं और हमारे समाज ने बहुत कुछ झेला है, लेकिन अब बीजेपी के आने के बाद सबको सम्मान मिला है।

### प्रदेश में बनेगी डबल इंजन की सरकार



राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने आसपुर से भाजपा प्रत्याशी गोपीचंद मीणा के समर्थन में गुरुवार को जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राज्य की गहलोत सरकार और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। साथ ही कहा कि राजस्थान में बेरोजगार युवा आज भी नौकरी का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस राज में एक नहीं, बल्कि 19 बार पेपर लीक हुए और बेरोजगार युवा ठगे गए। इस दौरान उन्होंने कहा कि आपके यहां के विधायक बहुत सीधे सादे हैं। सभी की डिमांड पूरी करते आए हैं। राजस्थान में भाजपा की डबल इंजन सरकार बनेगी।

### ये बहू-बेटियों के सम्मान का चुनाव

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने टोंक के देवली में भाजपा प्रत्याशी विजय बैंसला के समर्थन में आमजन को संबोधित किया। अटल उद्यान में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भीलवाड़ा में बच्ची से दुष्कर्म होता है, बलात्कार होता है। कांग्रेस के शासन में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। ये चुनाव बहू-बेटियों के सम्मान का है। जो बुरी नजर डाले उनकी आंख निकाल लें। इस बात पर विधानसभा में चर्चा होती है। कांग्रेस नेता कहते हैं ये मर्दों का प्रदेश है। सीएम गहलोत से पूछना चाहती हूं कौन नामर्द है तुम्हारी पार्टी में जो बेटी के बलात्कार पर आक्रोशित नहीं होता, महिला को जिंदा जलता देख खून नहीं खौलता। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने राजसमंद जिले के चारभुजा और भीम में जनसभा को संबोधित किया।

---

**17 विधानसभा में पहुंची कांग्रेस की गारंटी यात्रा**

# केंद्र में सिर्फ अडाणी और अंबानी की सरकार: राहुल

**बेधड़क** | जयपुर

कांग्रेस की गारंटी यात्रा गुरुवार को सात संभागों के 17 विधानसभाओं में पहुंची। जहां यात्रा में 24 गारंटी संवाद कार्यक्रम आयोजित हुए। जिनमें राहुल गांधी, सीएम गहलोत, जिग्नेश मेवाणी समेत कई केंद्रीय नेताओं ने गारंटी संवाद को संबोधित किया।

चुरू जिले की तारानगर, हनुमानगढ़ जिले की नोहर तथा गंगानगर जिले की सादुलशहर से सीट से राहुल गांधी, सीएम गहलोत, सचिन पायलट, गोविन्द सिंह डोटासरा समेत कई नेताओं ने तीनों सीटों पर जनता को गारंटी यात्रा के बारे में बताया। इस मौके पर राहुल गांधी ने राजस्थान सरकार के 5 साल के कामकाजों की तारीफ करते हुए



कहा कि राजस्थान में स्वास्थ्य बीमा, किसानों के लिए कानून, अलग से बजट की बात की। साथ ही कहा कि हमें छोटे व लघु उद्योगों का ख्याल रखना चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ये सरकार सिर्फ अडाणी-अंबानी की सरकार है। देश के संसाधनों पर ओबीसी का कोई हक नहीं है मोदी जी खुद को ओबीसी का बताते हैं, इनके मात्र 90 बड़े अधिकारियों में 3 ओबीसी से है। महंगाई राहत कैम्प पर बात करते हुए कहा कि इससे जनता को राहत मिली और 7 गारंटी के माध्यम से आपके बच्चों को अंग्रेजी में शिक्षा, सस्ता सिलेंडर, ओपीएस कानून लागू किया जाएगा। गौरतलब है कि गुरुवार को गारंटी यात्रा पुष्कर, परबतसर, मकराना, नावां, तारानगर, नोहर, बीकानेर, सादुलशहर, लोहावट, शेरगढ़, निम्बोहेड़ा, बड़ी सादड़ी, वल्लभनगर, हिंडौन, टोडाभीम, केशोरायपाटन, हिंडौली, बूंदी विधानसभाओं में पहुंची। जहां स्टार प्रचारकों ने प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार किया। यह गारंटी यात्रा 22 नवंबर तक चलेगी और 7 संभागों की 140 विधानसभाओं को कवर करेगी।

### राज्य सरकार के आदेश पर हाईकोर्ट की रोक

**बेधड़क,जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने भारतीय पुनर्वास परिषद के नए कोर्स के लिए संस्थानों को राज्य सरकार की ओर से एनओसी नहीं देने वाले गत 9 अक्टूबर के आदेश की क्रियांविति पर अंतरिम रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में सामाजिक न्याय व अधिकारिता सचिव, विशेष योग्यजन आयुक्त व संयुक्त सचिव और भारतीय पुनर्वास परिषद सचिव से जवाब देने के लिए कहा है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह ने यह आदेश संस्कृति शिक्षा एवं डवलपमेंट समिति व अन्य की याचिका पर दिए हैं। याचिका में कहा गया कि परिषद ने विशेष योग्यजनों के लिए शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए संस्थाओं से आवेदन मांगे थे। इसके लिए संस्थाओं के पास राज्य सरकार से एनओसी लेनी जरूरी थी। वहीं संयुक्त सचिव ने आदेश जारी कर एनओसी जारी करने पर यह कहते हुए रोक लगा दी कि ऐसा विशेष शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाव देने के लिए किया है।

**होम वोटिंग के प्रति दिख रहा उत्साह**

## चार हजार से ज्यादा मतदाताओं ने डाले वोट

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर होम वोटिंग गुरुवार को भी जारी रही। राजधानी जयपुर में भी कई जगहों पर होम वोटिंग निर्वाचन विभाग की टीमों ने करवाई।

जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि 14 नवंबर से शुरू हुई होम वोटिंग के तहत 3 दिनों में कुल 4 हजार 149 मतदाताओं ने घर से ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। वहीं गुरुवार को 2 हजार 76 मतदाताओं ने मतदान किया। होम वोटिंग के तीसरे दिन कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में 116, विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में 70, शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में 97, चौमूं विधानसभा क्षेत्र में 101, फुलेरा विधानसभा क्षेत्र में 76, दूदू विधानसभा क्षेत्र में 92, झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 135, आमेर विधानसभा क्षेत्र में 112, जमवारागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 79, हवामहल विधानसभा क्षेत्र में 119 व विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में 103 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं, सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र में 196, किशनपोल विधानसभा




क्षेत्र में 103, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में 84, मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में 141, सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में 116, बगरू विधानसभा क्षेत्र में 150, बस्सी विधानसभा क्षेत्र में 63, चाकसू विधानसभा क्षेत्र में 123 मतदाताओं ने घर से ही मतदान सुविधा का लाभ उठाया। होम वोटिंग में 19 नवंबर तक मतदान कर किया जा सकेगा। कुल 19 विधानसभा क्षेत्रों में 7230 वोटर्स ने इस सुविधा के लिए आवेदन किया है, जिसमें 6328 के 80 वर्ष से अधिक एवं 902 विशेष योग्यजन मतदाता हैं।

---

**पर्यटन उद्योग का पीक सीजन शुरू, मार्च तक रहेगा खास**

# अगले 3 महीनों में बढ़ेगी सैलानियों की संख्या, आबाद होंगे पर्यटन स्थल

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में पर्यटन के लिए लिहाज से आने वाले तीन महीने खास रहने वाले हैं। क्योंकि पर्यटन का पीक सीजन शुरू हो चुका है। जयपुर में भी देसी-विदेशी पावणे घूमने के लिए दिनों दिन पहुंच रहे हैं।


पर्यटन विभाग के अनुसार अक्टूबर से पर्यटकों का आगमन शुरू हो चुका था जो अब मार्च तक चरम पर पहुंचने की संभावना है। अगले महीने क्रिसमिस और नव वर्ष पर तो पर्यटन और तेजी पकड़ेगा। इस दौरान घरेलू पर्यटकों के साथ विदेशी पर्यटकों के अच्छी संख्या में पहुंचने की उम्मीद है।

### इन फेस्टिवल में पहुंचेंगे पर्यटक

- कैमल फेस्टिवल-जनवरी
- डेजर्ट फेस्टिवल-फरवरी
- मेवाड़ फेस्टिवल- मार्च

अभी चल रहे पुष्कर मेले में भी पर्यटकों काफी संख्या में पहुंच रहे हैं।

वहीं राजधानी जयपुर में दिवाली के पांच दिनों में करीब एक लाख पर्यटक घूमकर गए थे। इनमें आमेर महल, हवामहल, सिटी पैलेस, अल्बर्ट हॉल, जंतर-मंतर शामिल हैं। पर्यटन उद्योग के अच्छे रहने को लेकर ट्यूर ऑपरेटर और पर्यटन विभाग खुश हैं।



### देसी ज्यादा, विदेशी कम पहुंच रहे

प्रदेश में इस समय आ रहे पर्यटकों में देशी ज्यादा और विदेशी पर्यटक कम पहुंच रहे हैं। इससे पर्यटन उद्योग को उम्मीद से कम कमाई हो रही है। पर्यटन जानकारों के अनुसार इस समय इजराइल व हमास का युद्ध भी इसका बड़ा कारण है। वहीं कोविड के बाद विदेशी पर्यटकों की पहले जैसी आवक कम ही रह गई। विदेशी पर्यटकों की संख्या में लगातार गिरावट आ रही है। हालांकि इसको लेकर पर्यटन विभाग चिंतित है और विदेशी पर्यटन को बढ़ाने के लिए नई कोशिशें की जा रही हैं।

### आमेर महल खास पसंद

जयपुर में आने वाले पर्यटकों के लिए आमेर महल खास पसंद की जगह है। पिछले पंद्रह दिनों में यहां एक लाख से ज्यादा देशी-विदेश सैलानी पहुंचे हैं। अधीक्षक पंकज धीरेंद्र ने बताया कि आगामी दिनों के लिए महल में पर्यटकों के लिए अतिरिक्त तैयारियां की गई है।

### वर्ल्ड टूरिज्म मार्केट से उम्मीद

प्रदेश में घटते विदेशी पर्यटकों को बढ़ाने के लिए पर्यटन विभाग की ओर से पर्यटन के प्रचार प्रसार की नई कोशिश की गई हैं। इसके लिए लंदन में 6 से 8 नवंबर को आयोजित वर्ल्ड टूरिज्म मार्केट में प्रदेश से पर्यटन विभाग के दो अधिकारियों ने पहुंचकर पर्यटन के बारे में बताया है। इनमें पर्यटन विभाग की निदेशक रश्मि शर्मा और उपनिदेशक उपेंद्र सिंह शेखावत गए थे। इन्होंने वहां टूर ऑपरेटर और पर्यटन से जुड़ी एजेंसियों से संपर्क कर प्रदेश के पर्यटन के बारे में बताते हुए पर्यटकों को राजस्थान आने का न्यौता दिया है।

> “ आगामी तीन-चार महीने पर्यटन के लिहाज से अच्छे रहने वाले है। जयपुर में भी पर्यटकों की अच्छी संख्या रहेगी। पर्यटन विभाग की ओर से सभी तैयारियां की गई है।।
>
> **उपेंद्र सिंह शेखावत, उपनिदेशक, पर्यटन विभाग**

## जरूरी खबर

### कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 57 रुपए सस्ता



**जयपुर।** तेल-गैस कंपनियों ने पैट्रोलियम उत्पादों का रिव्यू करते हुए कॉमर्शियल गैस की कीमतों में कमी की है। नवंबर में दूसरी बार रिव्यू करते हुए सिलेंडर की कीमत 57 रुपए कम की है। इस बदलाव के बाद जयपुर में आज से 19 किलोग्राम वाला कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 1798.50 रुपए में मिलेगा। एलपीजी गैस डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष दीपक गहलोत ने बताया कि इससे पहले कंपनी ने 1 नवंबर को रिव्यू करने के बाद कीमतों में 101 रुपए का इजाफा किया था। इस बार कंपनी ने 15 नवंबर शाम को रिव्यू करने के बाद कीमतों में कटौती की है। इस रिव्यू के बाद गुरुवार से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 1857.50 रुपए के बजाय 1798.50 रुपए में मिलेगा। इस रिव्यू में घरेलू उपयोग के गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। घरेलू उपयोग का सिलेंडर बाजार में आज भी 906.50 रुपए में ही मिल रहा है।

### प्रत्याशियों को तीन बार करवाना होगा खर्चों का परीक्षण

**जयपुर।** विधानसभा चुनाव में चुनाव प्रचार, कार्यालय संचालन और चुनावी सभाओं में खर्चा कर रहे प्रत्याशियों को तीन बार पाई-पाई के चुनाव खर्च का हिसाब देना होगा। प्रत्याशियों की ओर से दिए गए खर्च ब्यौरे का तीन बार 17 नवंबर, 20 नवंबर एवं 23 नवंबर को व्यय पर्यवेक्षकों द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। इसके लिए प्रत्याशियों को व्यक्तिगत रूप से अथवा अपने निर्वाचित एजेंट के माध्यम से अथवा अपने द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा निरीक्षण के लिए संपूर्ण दस्तावेजों के साथ व्यय पर्यवेक्षक के समक्ष प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष उपस्थित होना होगा।

**23 नवंबर को जागेंगे देव:** शुरू होंगे मांगलिक कार्य... बढ़ेगी बाजारों में फिर रौनक

# देवउठनी एकादशी पर पिंकसिटी में होंगी 5 हजार शादियां

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में जल्द ही शहनाई की धुन गूंजने वाली है। 23 नवंबर को देवउठनी एकादशी के साथ ही मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे। इस बार राजधानी में शादियों की धूम है। एक अनुमान के मुताबिक जयपुर में करीब पांच हजार जोड़े देव उठनी एकादशी पर एक-दूजे के हो जाएंगे।

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस बार नवंबर में महीने में छह और दिसंबर में शादी के सात शुभ मुहूर्त हैं। वहीं, देवउठनी एकादशी के नजदीक आते ही बाजारों में फिर से रौनक आ गई है। लोग शादी-विवाह के लिए सामान खरीदते नजर आ रहे हैं। सबसे ज्यादा भीड़ शेरवानी और दुल्हन की ड्रेस की दुकानों पर देखी गई।



### 5 माह बाद निद्रा से जागेंगे भगवान विष्णु

पंडित युगल किशोर शास्त्री ने बताया कि भगवान विष्णु के शयनकाल में विवाह आदि मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। 29 जून को श्रीहरि विष्णु योग निंद्रा में चले गए थे। इसी के साथ चातुर्मास शुरू हो गया था। इस बार सावन अधिक मास के कारण चातुर्मास चार की जगह पांच माह का था। 23 नवंबर देवउठनी को श्री हरि फिर योग निंद्रा से बाहर आएंगे। इसी के साथ पांच माह से थमी शहनाइयां गूंजने लगेंगी।

### 16 दिसम्बर तक मांगलिक कार्य

देवउठनी एकादशी के साथ ही दूल्हों का घोड़ी पर चढ़ने का इंतजार भी खत्म हो जाएगा। नवंबर में छह और दिसंबर में शादी के सात मुहूर्त हैं। 16 दिसंबर से 14 जनवरी तक मलमास में विवाह बंद रहेंगे। इस बार नवंबर महीने में 23, 24, 25, 27, 28, 29 नवंबर और दिसंबर में 5, 6, 7 8, 9, 11, 15 दिसंबर को विवाह के लिए शुभ मुहूर्त है।

### गली-मोहल्लों में होगी शादी की रौनक

इस बार चुनाव के चलते जिन घरों में वैवाहिक कार्यक्रम हैं, उन घरों में परेशानी खड़ी हो गई है। दरअसल प्रदेश में होने वाले चुनाव के कारण कई विवाह स्थलों का अधिग्रहण कर लिया। ऐसे में जिन गार्डनों में शादी की बुकिंग थी, वे कैंसिल हो गई। इस पर विवाह के लिए अन्य जगह नहीं मिल पाने पर कई लोगों ने अपने घर से ही शादी का आयोजन करने का निर्णय लिया है। ऐसे में अभी से ही शहर के कई कॉलोनियों में शादी की रौनक बन गई है। गली-मोहल्लों में टेंट-शामियाने लगने शुरू हो गए हैं।

### एडवांस बुकिंग करा रहे लोग

दिवाली के बाद शहर के बाजारों में तीन दिन तक जो मायूसी छाई हुई थी, वह अब खत्म सी हो गई है। विवाह की तारीख नजदीक आने पर लोग किराना स्टोर, केटरिंग, सजावट की दुकानों पर जा कर शादी के लिए एडवांस बुकिंग करा रहे हैं। लोगों का कहना है कि तैयारी कई महीनों से चल रही है, लेकिन कुछ ऐसे भी काम होते हैं जो मौके पर ही किए जाते हैं।

**चुनावी रंग:** भाजपा स्टार प्रचारक उतरे मैदान में, रोड शो के बाद सभा

# मैं चाहता हूं जयपुर के लोग दिल्ली आएं आइसक्रीम खाने: गडकरी

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में गुरुवार को भाजपा के स्टार प्रचारकों ने डेरा डाल दिया। एक ओर केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने रोड शो कर भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की तो वहीं दूसरी ओर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने भी महिलाओं से संवाद कर कांग्रेस सरकार के खिलाफ वोट देने को कहा। नितिन गडकरी ने झोटवाड़ा में बीजेपी प्रत्याशी कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के समर्थन में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया।

वहीं, विद्याधर नगर में बीजेपी प्रत्याशी के समर्थन में रोड-शो किया। इस दौरान नितिन गडकरी ने आमजन से जयपुर से दिल्ली का सफर जल्द ही दो घंटे में पूरा होने का वादा किया। गुरुवार को झोटवाड़ा विधानसभा से बीजेपी प्रत्याशी कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के समर्थन में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि अब मैं जयपुर-दिल्ली के बीच इलेक्ट्रिक केबल हाईवे बना रहा हूं। इससे जयपुर से दिल्ली का सफर 2 घंटे में तय हो जाएगा। वहीं, इसका किराया डीजल बस से 30% कम लगेगा।

गडकरी बोले कि जब हमने कहा कि दिल्ली से मेरठ का सफर 45 मिनट में तय होगा। हमारे पत्रकार साथी हंसने लगे। आज लोग मुझे कहते हैं कि हम मेरठ से दिल्ली आइसक्रीम खाने आते हैं। मैं चाहता हूं कि मैं जयपुर वालों को दिल्ली आइसक्रीम खाने और दिल्ली वालों को जयपुर कचौरी खाने लेकर आऊं। यह तभी संभव हो पाया है, जब देश की जनता ने भाजपा का पूर्ण बहुमत दिया।



फोटो: पंकज शर्मा

### पार्टी का जन्म मुख्यमंत्री-मंत्री बनाने के लिए नहीं

उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी मां-बेटे की पार्टी नहीं है। न ही पिता-पुत्र की पार्टी है। यहां प्रधानमंत्री के पेट से प्रधानमंत्री और एमपी के पेट से एमपी पैदा नहीं होता है। मैं मामूली कार्यकर्ता था। पोस्टर चिपकाता था। फिर भी पार्टी ने मुझे अध्यक्ष बनाया। जिस कुर्सी पर अटल बिहारी वाजपेयी बैठे, उस कुर्सी पर बैठने का मौका मुझे मिला। यह कार्यकर्ताओं की पार्टी है। इस पार्टी का जन्म किसी को मंत्री और मुख्यमंत्री बनाने के लिए नहीं हुआ है। हमारा मकसद केवल राज बदलना नहीं है। देश में भूखमरी, गरीबी और बेरोजगारी को दूर करना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को कहा कि पार्टी ने आपके क्षेत्र में एक अच्छा उम्मीदवार दिया है। यह स्पोर्ट्स मैन है। इनके कहने पर मैंने जयपुर से दिल्ली हाईवे के लिए 1300 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। अब राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को प्रचंड बहुमत से जिताना होगा। यह काम कार्यकर्ता ही कर सकते हैं। इसके लिए आपको घर-घर जाना होगा। कुछ लोग कंफ्यूज करने की कोशिश करते हैं, क्योंकि वो कन्विंस नहीं कर सकते हैं।

### दीया कुमारी के रोड शो में भी पहुंचे

शाम को नितिन गडकरी विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में दीया कुमारी के लिए रोड शो भी करने पहुंचे। रोड शो से पहले दीया कुमारी और नितिन गडकरी ने भगवान परशुराम की मूर्ति पर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद रोड शो परशुराम सर्किल से शुरू हुआ जो अल्का सिनेमा, मुरलीपुरा चौराहा, मुरलीपुरा थाना, केडिया पैलेस चौराहा, दादी का फाटक, नाड़ी का फाटक होते हुए आरसी पैराडाइज पहुंचा। रोड शो के बाद नितिन गडकरी ने सभा को संबोधित किया।

### देश जल्द तीसरे नंबर की इकॉनमी बनेगा

उन्होंने कहा कि भारत को विश्व गुरु बनाना है। आर्थिक दृष्टि से हमारे देश का पांचवा नंबर आता है। प्रधानमंत्री जी ने कहा कि हम जल्द तीसरे नंबर की इकॉनमी बनेंगे। हमारा इम्पोर्ट कम होगा। एक्सपोर्ट बढ़ेगा। गांव, गरीब, मजदूर और किसान का कल्याण होगा। दुनिया की पहले नंबर की आर्थिक ताकत बनेगी। उन्होंने पूछा कि क्या हम सब लोग मिलकर देश को दुनिया के नंबर एक की आर्थिक महाशक्ति बनना चाहते हैं?

**राजधानी में छठ पर्व को लेकर उत्साह**

# नहाय-खाय के साथ आज से छठ पूजा



फोटो: फाइल

**बेधड़क** | जयपुर

बिहार-यूपी व झारखंड का लोक पर्व छठ जयपुर में भी मनाया जाएगा। त्योहार की शुरुआत शुक्रवार से होगी। यह पर्व 20 नवंबर तक चलेगा। राजधानी जयपुर में भी पूर्वांचल के लोगों की ओर से छठ पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा।

द ऑल अपॉर्चुनिटी इन इंडिया संस्था के अध्यक्ष पिंटू कुमार साहनी ने बताया कि शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ छठ पर्व की शुरुआत होगी। शनिवार को खरना होगा, रविवार को शाम को ढलते सूर्य को अर्घ दिया जाएगा। सोमवार को सुबह उगते सूर्य को अर्घ देकर व्रत का समापन किया जाएगा। जयपुर में कई इलाकों में छठ महापर्व का आयोजन होगा। इनमें वीकेआई रोड नंबर 17, रोड नंबर 6, विद्याधर नगर, झोटवाड़ा पावर हाउस के पास शिव मंदिर, कामा खोरा बिसल, झोटवाड़ा में लक्ष्मी नगर निवारू रोड, सुदर्शनपुरा, सांगानेर कालवाड़ रोड रावण गेट आदि जगह शामिल है। यहां खड्डा बनाकर व्रत करने वाले लोगों की ओर से सूर्य की उपासना की जाएगी। संतान की दीर्घायु, सौभाग्य और खुशहाली जीवन के लिए की कामना की जाएगी।

वहीं, झोटवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र में स्थित अखंड महादेव मंदिर प्रांगण में छठ महापर्व का आयोजन किया जाएगा। रविवार शाम यहां सांस्कृतिक प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। अखंड महादेव मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित रविंद्र मिश्रा और महामंत्री हरेंद्र सिंह ने बताया कि मंदिर समिति की तरफ से छठ पर्व करने वालों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान रखा जाएगा।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

**पुलिस आयुक्तालय में दीपावली स्नेह मिलन**

# निर्विघ्न चुनाव के लिए सतर्कता बरतें

**बेधड़क** | जयपुर

पुलिस आयुक्तालय में गुरुवार को दीपावली स्नेह मिलन मनाया गया। इस अवसर पर आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने पुलिस अधिकारियों, कार्मिकों एवं पुलिसकर्मियों को शुभकामनाएं दीं। जोसफ ने कहा कि हर्ष, उल्लास और उमंग का यह पर्व हमें शांति, सद्भाव, प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है।

उन्होंने प्रदेश में शान्ति एवं सद्भावना बनाये रखने और निर्विघ्न विधानसभा चुनाव के लिए पुलिस अधिकारियों से पूर्ण सतर्कता और सद्भावना के साथ अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने का आव्हान किया। इस अवसर पर अति. पुलिस आयुक्त प्रथम कैलाश विश्नोई, द्वितीय कुंवर राष्ट्रदीप, प्रशासन एवं यातायात राहुल प्रकाश, पुलिस उपायुक्त पूर्व ज्ञानचन्द यादव, पश्चिम संजीव नैन, उत्तर राशि डोगरा डूडी, दक्षिण योगेश गोयल, यातायात लक्ष्मण दास, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रेवन्तदान, सुमन चौधरी, कमल शेखावत, शीला फोगावट, पारसमल जैन, रानू शर्मा, रामसिंह, विनोद कुमार, ज्ञानप्रकाश नवल, राजेन्द्र सिंह सहित कमिश्नरेट के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



**पीड़ितों की हालत अभी खतरे से बाहर, नौकर कैश-गहने लेकर फरार**

# पूर्व सीएस के परिवार के साथ जहरखुरानी

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव विपिन बिहारी लाल माथुर के बेटे, बहू और पोते को खाने में जहरीला पदार्थ खिलाकर लूट लिया। गुरुवार सुबह 11 बजे जब घर का काम करने के लिए नौकरानी पहुंची तो तीनों बेड पर बेसुध मिले।

शोर मचाने पर कॉलोनी के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तीनों को एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया। तीनों ही हालत अभी खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस उपायुक्त ज्ञानचंद यादव ने बताया कि खोह नागोरियान थाना इलाके में रहने वाले संजीव माथुर, कंचन माथुर, गौरव माथुर सुबह घर पर अचेत अवस्था में मिले। अब तक की जांच में सामने आया कि संजीव माथुर का नौकर पूरण मूल रूप से छत्तीसगढ़ का रहने वाला है। उसने रात को खाने में जहरीला पदार्थ मिलाकर तीनों को खिला दिया। इसके बाद मकान से जेवरात, नकदी लेकर फरार हो गया। नौकर पूरण की तलाश में पुलिस टीमें रवाना कर दी गई है। विपिन बिहारी लाल माथुर मार्च 1986 से लेकर जनवरी 1992 तक राजस्थान के मुख्य सचिव रहे थे। उनका 2018 में 84 साल की उम्र में निधन हो गया था। वहीं एसएमएस अस्पताल के इमरजेंसी मेडिसिन डिपार्टमेंट के इंचार्ज डॉक्टर बीपी मीणा ने बताया कि ऐसा लग रहा है कि इनके साथ जहरखुरानी की घटना हुई है। तीनों की मेडिकल कंडीशन अभी ठीक है।



**माउंट आबू, चूरू और सीकर में रात का पारा 10 डिग्री से नीचे**

# शहरों में असर दिखाने लगी सर्दी, राजमार्गों पर कोहरे का 'कब्जा'

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में शीतलहर का आगाज हो चुका है। उत्तर भारत से हिमालय की बर्फीली हवा के चलने से प्रदेश के कई जिलों में तापमान 10 डिग्री से भी नीचे आ गया है। हवा के साथ ठिठुरन बढ़ने से लोगों ने गर्म कपड़े निकाल लिए और वहीं सुबह-शाम राजमार्गों पर कोहरा छाने लग गया है। अधिकांश शहरों में दिन-रात का तापमान सामान्य से नीचे आ गया है। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि प्रदेश में सर्दी का आगाज हो गया है। हालांकि, कड़ाके की सर्दी नवंबर के आखिरी में शुरू होगी। राजधानी में दिवाली के अवकाश के बाद गुरुवार सुबह स्कूल खुले, लेकिन सर्दी की वजह से बच्चों की तादाद में कमी नजर आई।



### शहर में नहीं दिखी धूप, चली ठंडी हवा

राजधानी जयपुर में गुरुवार सुबह से बादलों ने आसमान में डेरा जमा लिया। वहीं, सुबह से ही धुंध नजर आने लग गई। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि शहर का न्यूनतम तापमान बुधवार के मुकाबले एक डिग्री सेल्सियस गिरकर 13.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इससे पहले गुरुवार को दिनभर बादल और हल्की धुंध रही। जयपुर में इस समय न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे आ गए हैं। सर्दी बढ़ने के कारण लोगों की दिनचर्या देर सुबह शुरू हुई, लेकिन शाम होते-होते लोग सर्दी के कारण सड़क पर कम नजर आए।

### दिन में भी लगने लगी ठंड

प्रदेश में बाड़मेर के अलावा सभी शहरों में दिन का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। चूरू और पिलानी में अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इससे अब दिन भी ठंडे होने लगे हैं। अमूमन ये तापमान दिसंबर के आखिरी या जनवरी के पहले-दूसरे सप्ताह में रहता है। चूरू में दिन का तापमान सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया है। यहां नवंबर का औसत तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रहता है। इसी तरह पिलानी, जैसलमेर, अजमेर, भीलवाड़ा और बीकानेर में भी अधिकतम तापमान सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया है, जिससे यहां दिन में भी लोगों को गर्म कपड़े पहनने पड़ रहे हैं।

### सबसे ज्यादा ठंडी रात माउंट आबू की रही

सर्दी बढ़ने पर प्रदेश के अन्य जिलों में भी इसका असर देखने को मिला। सीकर, माउंट आबू, चूरू और फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। सबसे ज्यादा ठंडी रात माउंट आबू की रही, जहां का न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सीकर में 7.5 और चूरू में 9.4 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। वहीं श्री गंगानगर, हनुमानगढ़, सीकर, झुंझुनूं, बीकानेर और चूरू के कुछ एरिया में गुरुवार को हल्का कोहरा भी छाया नजर आया। कोहरा पड़ने और हल्की सर्द हवा चलने से जैसलमेर, बीकानेर और चूरू में न्यूनतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस तक नीचे आ गया। बीकानेर और जैसलमेर में न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इन जिलों में सीजन का सबसे कम तापमान रहा। फतेहपुर में भी सुबह हल्का कोहरा छाया रहा। रात और सुबह हल्की सर्द हवा चलने से ठिठुरन बढ़ गई।

## जरूरी खबर

### श्रीराधा-श्रीकृष्ण मंदिर में मनाया अन्नकूट महोत्सव



**टोंक।** स्वर्णकार समाज की ओर से समाज के श्रीराधा-श्रीकृष्ण मंदिर में अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर ठाकुरजी को नवीन पोशाक धारण करा मनोहारी श्रृंगार सजाया गया। ठाकुरजी को चावल, मूंग, चौंला, बाजरा, कढ़ी, सब्जी, पूरी सहित अन्य पकवानों का भोग अर्पित किया गया। इस मौके पर समाज के सैकड़ों लोगों ने पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण की। महोत्सव में शामिल हुए समाजबंधुओं ने एक-दूसरे को दीपोत्सव की शुभकामनाएं दी

### 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते कोर्ट कर्मचारी गिरफ्तार

**अजमेर।** एसीबी स्पेशल यूनिट अजमेर की ओर से बोरावड़, पुलिस थाना मकराना में न्यायालय एडीजे, डीडवाना के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सरवर खां कायमखानी को 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी ने बताया कि परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके भाई के विरूद्ध सुनवाई में चल रहे कोर्ट केस में बरी का फैसला करवाने की एवज में सरवर खां 50 हजार रुपए रिश्वत मांग रहा है। शिकायत सत्यापन के बाद ट्रेप कार्रवाई की गई। शिकायत से पूर्व ही परिवादी से आरोपी ने 25 हजार रुपए वसूल लिए थे।

### भाजपा के पूर्व विधायक कैलाश भंसाली का निधन



**जोधपुर।** भाजपा के पूर्व विधायक कैलाश भंसाली का गुरुवार को निधन हो गया। उनके निधन से भाजपाइयों में शोक की लहर दौड़ गई। केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत सहित भाजपा नेताओं ने उनके निधन पर शोक जताया। भंसाली 2008 और 2013 में लगातार दो बार विधायक रहे। वहीं संगठन में भी उन्होंने महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दी। उनकी अंतिम यात्रा दोपहर बाद रवाना हुई। इसमें अनेक जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोगों ने भंसाली को श्रद्धासुमन अर्पित कर अंतिम विदाई दी। जोधपुर शहर से भाजपा ने उनको दो बार चुनाव लड़ाया था।

---

चुनाव प्रचार के दौरान गांव गादोज में विधायक बलजीत यादव को जूतों की माला पहनाने का प्रयास

# विधायक समर्थकों और ग्रामीणों में धक्का-मुक्की, हाथापाई

**बेधड़क** | अलवर

जिले के बहरोड़ में गुरुवार को अजीब वाकिया हुआ। चुनाव प्रचार के दौरान जनसंपर्क कर रहे विधायक बलजीत यादव को एक ग्रामीण ने जूते-चप्पलों की माला पहनाने का प्रयास किया तो माहौल गरमा गया।

यादव के समर्थकों और ग्रामीणों के बीच जमकर धक्का-मुक्की और हाथापाई हुई। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में दिख रहा है कि जनसंपर्क के दौरान एक ग्रामीण भीड़ को चीरता हुआ आता है और विधायक को जूतों की माला पहनाने का प्रयास करता है। इस पर विधायक उसे धक्का देकर दूर हटाते नजर आ रहे हैं। वहीं इसमें विधायक समर्थक और ग्रामीण हाथापाई करते नजर आ रहे हैं। इस घटना के बाद विधायक बलजीत यादव के समर्थकों और ग्रामीणों में धक्का-मुक्की हो गई।

चुनावी प्रचार के दौरान विधायक को जूतों की माला पहनाने की कोशिश करने पर दोनों गुट भिड़ गए। मामला बुधवार रात करीब 10 बजे का है। बहरोड़ विधायक बलजीत यादव गांव गादोज में जनसंपर्क कर रहे थे। इस दौरान गांव के ही राजपाल यादव (52) पुत्र हीरालाल यादव ने जूतों की माला पहनाने की कोशिश की। हालांकि, विधायक ने तत्परता दिखाते हुए उसे दूर कर दिया। इस दौरान विधायक समर्थकों ने राजपाल के साथ धक्का-मुक्की कर दी। ग्रामीणों से मिली जानकारी में सामने आया कि गांव के राजपाल यादव शॉल ओढ़कर विधायक के पास पहुंचे थे। उनके एक हाथ में फूलों की माला थी। वहीं, दूसरे हाथ में जूतों की माला को अपने शॉल में छिपाया हुआ था। उन्होंने जैसे ही विधायक को माला पहनने का प्रयास किया, विधायक ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें रोक लिया और धक्का मारकर बच गए। मंच पर ये नजारा देखकर माहौल बिगड़ गया और विधायक के कार्यकर्ताओं और युवकों के बीच जमकर हाथापाई और धक्का-मुक्की हो गई।



### शांतिभंग में तीन गिरफ्तार

मामले की सूचना के बाद बहरोड़ डीएसपी तेज कुमार पाठक पुलिस जाब्ते के साथ देर रात को मौके पर पहुंच गए। उन्होंने स्थिति को नियंत्रण में लिया। गुरुवार को डीएसपी ने अर्ध सैनिक बलों के साथ गांव में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान शांतिभंग के आरोप में देवेंद्र (37) पुत्र सतवीर यादव, राजपाल (52) पुत्र हीरालाल यादव और राजेंद्र (55) पुत्र दिलीप सिंह को गिरफ्तार किया गया।

### यादव को इसलिए झेलना पड़ रहा विरोध

गौरतलब है कि बहरोड़ विधायक बलजीत यादव इस बार राष्ट्रीय जनता सेना पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। वे साल 2018 में पहली बार बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय विधायक चुने गए थे। भ्रष्टाचार के खिलाफ काले कपड़े पहनकर शहर-शहर दौड़ लगाने के कारण बलजीत यादव लगातार सुर्खियों में रहे थे। उन्होंने 14 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के 200 विधानसभा क्षेत्र में काले कपड़े पहन कर दौड़ लगाई थी, लेकिन उन पर ही करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। उन पर आरोप है कि सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए क्रिकेट बैट, बॉल, हेलमेट, बैटिंग पैड, स्टंप और ग्लब्स की खरीद में करोड़ों रुपए का घोटाला किया। क्षेत्र में ऐसे भी चर्चा है कि विधायक बलजीत ने बहरोड़ के युवाओं को बिना अपराध के जबरन पुलिस थाने में बंद करवाया था। ऐसे में अब बलजीत यादव को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है।

---

यूपी के सीएम और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने प्रदेश में की सभाएं

# देश में समस्या का नाम कांग्रेस और भाजपा है समाधान: योगी

**बेधड़क** | कोटा

राजस्थान में विधानसभा चुनाव के अब कुछ ही दिन शेष बचे हैं। ऐसे में प्रमुख दलों के दिग्गज नेता प्रदेश में सभाएं करने आ रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोटा में और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने टोंक की देवली-उनियारा में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।

इटावा में आयोजित सभा में योगी ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस को समस्या और भाजपा को समाधान बताया। सीएम योगी ने कांग्रेस पर गरीबों का हक छीनने का आरोप लगाते हुए राममंदिर के निर्माण को रोकने के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लंबे समय तक देश में शासन किया, लेकिन बदले में समस्याएं दीं। आपके राजस्थान में भी यही चीजें हैं। राजस्थान में कांग्रेस को सबसे ज्यादा शासन करने का अवसर मिला। लेकिन, आप गहलोत सरकार और वसुंधरा राजे सरकार की तुलना करेंगे तो समझ में आ जाएगा कि राजे सरकार ने प्रदेश के विकास को कहां से कहां पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार ने 5 साल अंर्तकलह में ही निकाल दिए। इसके चलते प्रदेश में अराजकता का माहौल देखने को मिला और विकास की गति पर ब्रेक सा लग गया। प्रदेश में कानून व्यवस्था बुरी तरह चरमाई रही है।



### भाजपा ने समझा गरीब का दर्द

सीएम योगी ने सभा में कहा कि कांग्रेस ने आपकी आस्था के साथ खिलवाड़ किया और गरीबों का हक छीना। जबकि भाजपा ने गरीब के दर्द को समझा और गरीब कल्याण की अनेक योजनाएं केन्द्र सरकार की ओर से लागू की गई है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने देश के 12 करोड़ लोगों के घरों में शौचालय, चार करोड़ लोगों के लिए पक्के मकान, चार करोड़ लोगों के घरों तक बिजली, 10 करोड़ लोगों को उज्जवला योजना का फ्री कनेक्शन और आयुष्मान बीमा योजना को तहत 50 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य कवर दिया। जब देश में कांग्रेस की सरकार थी, तब वे भी ये काम कर सकते थे, लेकिन कांग्रेस एक ही बात करती थी कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार मुसलमानों का है, लेकिन मोदी कहते है कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार गरीब, किसान, नौजवान, महिला, दलित, वंचित, पिछड़े लोगों और समाज के हर तबके का है। इसलिए हमने नारा दिया है सबका साथ और सबका विकास।

### हम शेर की पार्टी के हैं, डरते वो हैं जिनका सरदार मूर्ख हो: स्मृति



**टोंक।** जिले के देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में सभा को संबोधित करने केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी यहां पहुंची। सभा में उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि डर उनको लगता है, जिनका सरदार मूर्ख हो, हम शेर की पार्टी वाले हैं, हमको डर नहीं लगता। जनता के संकल्प को सिद्धि तक ले जाने वाले नेता का नाम है नरेंद्र मोदी।

उन्होंने कहा कि भीलवाड़ा में एक बच्ची के साथ दुष्कर्म करके भट्टी में फेंक दिया जाता हैं, ये सुनकर ही दिल दहल जाता है। ये वीरों की भूमि है। इसमें बहनों बेटियों की सुरक्षा के लिए मौत से लड़ जाते हैं, लेकिन समझोता नहीं किया। ये वो प्रदेश है जिसकी पुण्य धरा वीरों के खून से सीची गई है, लेकिन बहन बिटिया आज राजस्थान में सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राज में शिक्षिका को जिंदा जलाया जाता है। गरीबों को चूल्हों से छुटकारा किसी ने दिलाया है तो नरेंद्र मोदी ने दिलाया है। उज्ज्वला योजना के तहत माताओं-बहनों का मान बढ़ाया है। मोदी से पहले किसी ने किसानों के खातों में पैसे नहीं डाले। उनके नेता तो कहते थे कि दिल्ली से एक रुपया भेजते हैं तो दस पैसे ही जनता तक पहुंचते है। आज सीधा पूरा पैसा गरीबों के खाते में जा रहा है। कांग्रेस राज में पेपर लीक की वजह से जाने कितने युवाओं ने आत्महत्या की है। राजस्थान में चारो तरफ त्राहिमाम मचा है।

---

एडीएफ व पुलिस की कार्रवाई

# नाकाबंदी में तस्कर गैंग के पांच शातिर गिरफ्तार, हथियारों का जखीरा जब्त



**बेधड़क** | धौलपुर

जिले की सरमथुरा थाना पुलिस एवं एडीएफ टीम ने बुधवार रात संयुक्त कार्रवाई कर हथियार तस्कर गैंग के पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से हथियारों का जखीरा बरामद कर एक बाइक को भी जब्त किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुटी है।

एडिशनल एसपी एडीएफ देवेंद्र सिंह राजावत ने बताया विधानसभा चुनाव को देखते हुए हर गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। इस बीच रात को सरमथुरा थाना प्रभारी कृपाल सिंह के नेतृत्व में एनएच-11 बी पर बिझोली गांव के नजदीक नाकाबंदी की गई थी। इस दौरान बाड़ी की तरफ से एक बाइक तेज रफ्तार में आ रही थी, जिस पर दो युवक सवार थे। पुलिस ने बाइक सवारों को रुकवाया और तलाशी ली तो उनके पास हथियार बरामद हुए। पुलिस ने हथियार तस्कर गैंग के मुख्य सरगना जितेंद्र उर्फ जीतू मीणा निवासी बिझोली एवं दिलखुश मीणा निवासी परीता जिला करौली से पूछताछ की। इसमें दोनों तस्करों ने तीन अन्य युवकों के नाम बताए। बदमाशों के तीनों सहयोगी बरौली गांव की तरफ हथियार सप्लाई करने गए थे। एडीएफ टीम एवं सरमथुरा थाना पुलिस ने तीनों हथियार तस्करों का पीछा किया। पुलिस टीम ने जंगल में घेराबंदी कर गौरव बैरवा निवासी सपोटरा, विष्णु योगी निवासी सपोटरा एवं धर्म सिंह जोगी निवासी मामचारी को पकड़ लिया। एडिशनल एसपी ने बताया सभी बदमाशों के कब्जे से एक देशी पिस्टल एवं 15 जिंदा कारतूस, तीन देसी तमंचा व तीन जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। साथ ही एक बाइक भी जब्त की है। उन्होंने बताया कि हथियार तस्कर गैंग पिछले लंबे समय से इलाके में सक्रिय थी। ये आरोपी गांव-गांव में युवाओं को हथियार बेचने का लालच देकर निशाना बनाते थे।

---

### भारत-पाक सीमा पर त्रिशक्ति युद्धाभ्यास



*जैसलमेर में भारत-पाक सीमा पर चल रहे त्रिशक्ति युद्धाभ्यास में देश की तीनों सेनाएं अपना दम-खम दिखा रही हैं। गुरुवार को सेना ने ड्रोन की नई तकनीक का परीक्षण किया। इस दौरान आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडेय ने दक्षिण कमांड के जवानों से मुलाकात कर उन्हें युद्धाभ्यास की बारीकियों के बारे में बताया।*

---

दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिकों को मिल रही सुविधा

# होम वोटिंग से घर बैठे चुना अपना नेता

**बेधड़क** | टोंक

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग श्रेणी के विशेष योग्यजन मतदाताओं के लिए प्रदेश में पहली बार विधानसभा में होम वोटिंग की पहल की गई है। इसके तहत गुरुवार को जिले की 4 विधानसभा क्षेत्रों में पात्र मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा मिली।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. ओमप्रकाश बैरवा ने बताया कि बूथ लेवल अधिकारी द्वारा घर-घर जाकर चिह्नित 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग श्रेणी के विशेष योग्यजन मतदाताओं को होम वोटिंग की जानकारी दी गई। इस सुविधा का लाभ लेने का विकल्प चुनने वाले पात्र मतदाताओं के घर-घर जाकर होम वोटिंग करवाई जा रही है। पहले दिन जिले की 4 विधानसभाओं में पात्र मतदाताओं को होम वोटिंग सुविधा दी गई।



जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि होम वोटिंग सुविधा का लाभ देने के लिए मतदान दल जिले की सभी विधानसभा क्षेत्र में निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार पात्र मतदाताओं के घर तक पहुंचे। यहां सभी आवश्यक तैयारियों के बाद निर्वाचन प्रक्रिया के तहत बूथ बनाकर होम वोटिंग करवाई गई।

---

ग्रामीणों व पुलिस ने पीछाकर 3 बदमाशों को दबोचा

# युवक पर फायरिंग के बाद किया अपहरण, लोगों में खौफ

**बेधड़क** | भरतपुर

जिले के कामां कस्बे में गुरुवार सुबह बदमाशों ने फायरिंग करते हुए एक युवक का अपहरण कर लिया। दिन-दहाड़े फिल्मी स्टाइल में हुई इस वारदात से इलाके में दहशत फैल गई।

जानकारी के अनुसार सुबह छह बदमाशों ने घर में घुसकर फायरिंग कर युवक को घायल कर दिया। इसके बाद घायल युवक को बदमाश अपनी गाड़ी में डालकर अपहरण कर ले गए। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने बदमाशों की गाड़ी का पीछा किया और नाकाबंदी के दौरान ग्रामीणों के सहयोग से बदमाशों को धर दबोचा। इस दौरान पुलिस से बचने के लिए बदमाशों ने तेज गति से गाड़ी दौड़ाई। इसकी चपेट में आने से एक बाइक भी चकनाचूर हो गई। ग्रामीणों ने बदमाशों और पुलिस की गाड़ी पर पथराव किया। फिलहाल पुलिस ने तीन बदमाशों को हिरासत में लेकर थार गाड़ी को जब्त किया है। अपहृत युवक को कामां के अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसका उपचार जारी है। कामा डीएसपी देशराज कुलदीप ने बताया कि सुबह 9 बजे के आसपास कामा कस्बे के कोसी चौराहे के पास थार गाड़ी में आए कुछ बदमाशों ने युवक के घर में घुसकर फायरिंग कर घायल कर दिया है और घायल युवक को बदमाश अपनी गाड़ी में डालकर अपहरण कर ले गए।



### दस किलोमीटर तक किया पीछा

युवक के अपहरण की जानकारी मिलते ही जुरहरा पुलिस ने नाकाबंदी कराई और कामां पुलिस ने थार गाड़ी का पीछा किया। करीब 10 किलोमीटर तक पीछा किया और भंडारा गांव के पास तीन बदमाशों को पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से पकड़ लिया। वहीं थार गाड़ी को जब्त करने के साथ ही अपहरण कर ले जा रहे घायल युवक को कामां अस्पताल में भर्ती कराया।

### पलवल हरियाणा के हैं बदमाश

पुलिस की प्राथमिक जांच में पता चला है कि यह बदमाश हरियाणा के पलवल के निवासी हैं। घायल युवक कामां पुलिस थाने के गांव बिरार गांव का निवासी है, जो फिलहाल कामां कस्बे के कोसी चौराहे के पास रहता है, जहां बदमाशों ने इस घटना को अंजाम दिया। वहीं डीएसपी ने कहा कि कुछ ग्रामीणों ने पुलिस का सहयोग किया तो कुछ ग्रामीणों ने विरोध किया। ग्रामीणों ने बदमाशों की गाड़ी पर पथराव करने के साथ पुलिस की गाड़ी पर भी पथराव किया था। इसमें कुछ पुलिसकर्मियों को चोट आई हैं। बदमाशों की थार गाड़ी की चपेट में आने से एक बाइक भी चकनाचूर हो गई।

---

# ट्रेन की चपेट में आने से किशोरी की मौत

**बेधड़क** | धौलपुर

जिले की कोतवाली थाना क्षेत्र के दूं का पूरा गांव में गुरुवार को रेलवे ट्रैक पर पहुंची गाय को भगाने गई किशोरी ट्रेन की चपेट में आ गई। किशोरी ने गाय को बचा लिया, लेकिन उसकी मौत हो गई।

घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। हादसे की सूचना स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। परिजनों ने बताया 15 साल की किशोरी रूबी पुत्री साहब सिंह गुरुवार सुबह घर के सामने बैठी थी। इस दौरान घर के सामने से गुजर रहे रेलवे ट्रैक पर आवारा गाय पहुंच गई। गाय को ट्रैक से भगाने के लिए किशोरी वहां पहुंची। इस दौरान आगरा की तरफ से आ रही ट्रेन ने उसे चपेट में ले लिया। पलभर में किशोरी के शरीर के चिथड़े-चिथड़े हो गए। घटना से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। किशोरी की मौके पर ही दर्दनाक मौत होने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

हादसे की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। एएसआई थान सिंह ने बताया कि गाय को बचाने के चक्कर में किशोरी हादसे का शिकार हो गई।

CHUNAV बेधड़क



सच बेधड़क
जयपुर, शुक्रवार, 17 नवंबर, 2023



**चुनावी पोळ**

वादां का घमासाण बड़ा,
चाल्या सियासी तीर ।
नौकरी, गैस सिलेंडर सूं,
लिखें चुणावी तकदीर।।

■ गजानन

**विधानसभा चुनाव** | अपनी पार्टी की सत्ता के लिए प्रदेश के कर्मचारी अंदरखाने लामबंद

# इशारों-इशारों में पक रही है कर्मचारी संगठनों की राजनीतिक खिचड़ी

### दृश्य-1 सबको बताओ क्या-क्या हुआ

ऑनलाइन मीटिंग प्लेटफॉर्म जूम पर मीटिंग चल रही है। तीस से अधिक लोग मीटिंग में जुड़े हुए हैं। सभी लोग शिक्षा विभाग के कर्मचारी हैं। जो मैडम मीटिंग को लीड कर रही हैं वे बोलती हैं- जैसा कि आप सब जानते हैं, चुनाव आने वाले हैं। तो चुनाव में एक अच्छी पार्टी सरकार में आए ये हम सभी का दायित्व है। इसलिए आप सभी को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए लोगों को बताना है कि हमारी सरकार ने क्या-क्या काम किए हैं। शिक्षकों के भले के लिए कितनी योजनाएं लाई गई हैं, कर्मचारियों को कैसे फायदा पहुंचाया गया है और आम आदमी के जीवन को आसान बनाने के लिए क्या क्या किया गया है। आप लोगों का आज से ही इस काम में जुट कर लोगों को सरकार के कामों के बारे में बताना है। बीच में मीटिंग के एक प्रतिभागी का प्रश्न आता है- मैडम, इसका मतलब हमें लोगों को X पार्टी को वोट देने के लिए कहना है। नहीं, नहीं, पार्टी का नाम नहीं लेना। बस सबको बताना है कि राजस्थान में पांच साल में क्या क्या काम हुए।

### दृश्य-2 सबको बताओ क्या-क्या नहीं हुआ

एक कर्मचारी संगठन की गूगल मीट पर मीटिंग चल रही है। करीब 40 लोग ऑनलाइन हैं। सभी कर्मचारी हैं और अपने-अपने जिले में संगठन का काम संभालते हैं। प्रदेशाध्यक्ष जी बोल रहे हैं- सभी साथियों से अपेक्षा है कि वे अपने अपने इलाके में लोगों को जागरुक करें कि यह सरकार प्रदेश के लिए क्या-क्या नहीं कर पाई। हमारा प्रदेश किन मामलों में पड़ौसी राज्यों से पिछड़ा हुआ है। आप सभी अपने अपने इलाके में समाज पर पकड़ रखते हैं, ऐसे में आपको लोगों को जागरुक करना है कि केंद्र सरकार पूरे देश के लिए कैसे जनकल्याणकारी योजनाएं लाकर देश का कायापलट कर रही है। जनता को बताएं की केंद्र सरकार ने कैसे लोगों को भला किया है। बीच में किसी जिले के पदाधिकारी ने सवाल किया- जी, मतलब हमें X पार्टी को वोट डालने के लिए लोगों को बोलना है और Y पार्टी की कमियां बतानी हैं। जवाब आया- नहीं, बिल्कुल नहीं हम किसी पार्टी का समर्थन नहीं कर रहे, बस आपको विकास में रही कमियां बतानी हैं और केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करनी है।

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में चल रहे चुनावी माहौल में ये दोनों दृश्य इन दिनों काफी देखने में आ रहे हैं। शिक्षकों, मंत्रालयिक कर्मचारियों, चिकित्सकों, नर्सिंग कर्मियों सहित अन्य राजकीय कार्मिकों के संगठनों की मीटिंगों में जमकर चुनावी खिचड़ी पक रही है। प्रदेश, जिला और तहसीलों तक के स्तर पर होने वाली मीटिंगों में पदाधिकारियों व सदस्यों को चुनाव से जुड़े हुए निर्देश व टारगेट दिए जा रहे हैं। अलग-अलग पार्टियों से समर्थित संगठनों की मीटिंगों में इन दिनों चुनाव से संबंधित रणनीतियां बन रही हैं।

हालांकि, ये संगठन खुले तौर पर किसी पार्टी विशेष का समर्थन नहीं करते लेकिन किसी एक पार्टी की विचारधारा का समर्थन करते हैं। ऐसे में खुलकर किसी एक पार्टी के समर्थन में प्रचार ना करके दबे-छुपे तरीके से अपनी पार्टी के लिए माहौल बनाया जा रहा है। इसके लिए बाकायदा टीमें बनाकर अलग-अलग तरीकों से पार्टी के पक्ष में कैम्पेनिंग की जा रही हैं। गौरतलब है कि प्रदेश की सरकार बनाने में सरकारी कर्मचारियों की अहम भूमिका होती है। हर पार्टी इस बात को जानती है और कर्मचारियों को खुश रखने की कोशिश करती है।

### कोर टीमें कर रही हैं मॉनिटरिंग

चुनावी अभियान के लिए लगभग हर संगठन के शीर्ष नेतृत्व ने कोर टीमें बनाई हैं जो प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में अपनी पार्टी के लिए माहौल बनाने का काम कर रही हैं। लगातार ऑनलाइन व ऑफलाइन मीटिंगों के माध्यम से संगठन के सदस्यों को प्रशिक्षित किया जा रहा है और नए जुड़े सदस्यों को शीशे में उतारा जा रहा है। उच्च स्तरीय मीटिंगें कर लगातार संगठन सदस्यों की ओर से चलाए जा रहे चुनाव अभियान की समीक्षा की जा रही है।



### सरकार से जुड़ा है पदाधिकारियों का भविष्य

बड़े कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी अपनी पार्टी की सरकार लाने के लिए रणनीति के साथ काम कर रहे हैं। दरअसल पदाधिकारियों का भविष्य काफी हद तक सरकार पर निर्भर करता है। विरोधी पार्टी की सरकार आने पर पदाधिकारियों के दूर-दराज में ट्रांसफर, पेंडिंग मामलों में कार्रवाई, अनचाही पोस्टिंग जैसी कार्रवाईयां देखने में आती हैं। अपनी पार्टी की सरकार बनने पर संगठन पदाधिकारियों की बात डिपार्टमेंट में मानी जाती है। इसके चलते हर संगठन अपनी पार्टी की सरकार बनाने के लिए पूरा जोर लगा रहा है।

### खुलकर प्रचार से इसलिए परहेज

हर कर्मचारी संगठन को किसी न किसी पार्टी का समर्थक व उसकी विचारधारा से प्रेरित माना जाता है, इसके बावजूद संगठन कार्यकर्ता खुलकर अपनी पार्टी का प्रचार नहीं करते। इसमें उनकी राजकीय सेवा आड़े आती है। इसके अलावा खुलकर पार्टी विशेष का प्रचार करने पर विरोधी सरकार आने की स्थिति में बदले की कार्रवाई का डर भी रहता है। इसलिए आम कार्यकर्ता अंदरखाने ही अपनी पार्टी का माहौल बना रहे हैं। फील्ड में खुलकर किसी पार्टी का प्रचार करने के साथ ही ऑनलाइन मीटिंग्स में भी पार्टी का नाम लेने से बचा जा रहा है।



**बिहाइंड द कर्टेन**

## और जीने को क्या चाहिए...

कई लोग राजनीतिक दलों को कोस रहे हैं। ये नहीं हुआ, वो क्यों नहीं किया। ये हो जाना चाहिए था। चुनाव के बाद हो सकता है आपकी धारणा बदल जाए। सरकार किसी पार्टी की बने। सबको कुछ न कुछ मिलने वाला है। कोई संकल्प तो कोई गारंटी बता रहा है। किसी राज्य में लाडली बहनों को तो किसी राज्य में गृह लक्ष्मियों को दस या बारह हजार रुपए सालाना मिलने लग जाएंगे। लाडो और लखपति दीदी योजना। सिलेण्डर कहीं साढ़े चार सौ तो कहीं पांच सौ में मिल जाएगा। अभी विधवा महिलाओं को मोबाइल मिले थे। फिर सुहागनों को भी मिल जाएंगे। बहन-बेटियों का सम्मान होगा। कॉलेज में दाखिला लेने वालों को लैपटॉप या टैबलेट मिल जाएंगे। स्कूटी, फ्री कोचिंग, फ्री केजी टू पीजी पढ़ाई। और सुसाइड कंट्रोल। लाखों युवाओं को रोजगार। एंटी रोमियो स्क्वाड गठित होगा। सौ यूनिट बिजली फ्री मिलती रहेगी। जिन घरों में पानी नहीं आता वहां नल लग जाएंगे। कहीं महिलाओं को बसों में फ्री यात्रा कराई जाएगी। दलित, पिछड़े, आदिवासियों को भी संख्या के हिसाब से भागीदारी मिल जाएगी। लिस्ट लंबी है। ये फ्रीबी या रेवड़ियां बताई जाती थी। अब इन्हें आपका अधिकार बताया जा रहा है। जो कहते थे कि इनसे देश की अर्थव्यवस्था का बंटाधार हो जाएगा। अब वही फार्म भरवाकर रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं। चुनाव जीतने के बाद चेक मिलने लगेंगे। कुछ मसले पेचीदा हैं। जैसे कहा जा रहा है कि जिन्होंने अब तक लूटा था वह लौटाना होगा। अब ये कैसे हो सकता है। दोनों तरफ लंबी लाइन है। कहीं लाल डायरी तो कहीं ऑडियो-वीडियो क्लिप हैं। लाल डायरी में लिखी बातें सच नजर आती हैं, वीडियो क्लिप साजिश का हिस्सा! भ्रष्टाचारियों पर नकेल कसने की बात भी कही जा रही है। पहले भी कही गई थी। ट्रेक रिकॉर्ड देखें तो भरोसा नहीं होता। जैसे कालाधन वापस नहीं आया। शैल कम्पनियों पर रोक नहीं लगी। फिर जिन्हें भ्रष्टाचारी बताया उन्हें मंत्री बना दिया। शायद नकेल ऐसे ही कसी जा सकती हो। सारी बातें सबको बताई भी नहीं जा सकती। जैसे कुछ मामलों में सबसे बड़ी अदालत ने सवाल पूछे तो राष्ट्र की सुरक्षा आड़े आ गई थी। फिलहाल ये मामला यहीं छोड़ देते हैं। बटन दबाने का वक्त नजदीक आता जा रहा है। पड़ौसी राज्य में आज दब जाएंगे। अपने यहां 25 को दबेंगे। कैसे दबाने हैं ये आपको तय करना है।

■ यायावर

**थड़ी पॉलीटिक्स**

## राजनीति में जो होता है, दिखता नहीं, और जो दिखता है, होता नहीं

**स्थान** फेसबुक | **समय** दोपहर 1:15 बजे

कहते हैं राजनीति में जो दिखता है वो होता नहीं है और जो होता है वो दिखता नहीं है। राजनीति की यही उलटबांसी इन दिनों एक भ्रम की तरह पूरे प्रदेश में फैली हुई है। किसी गली में समर्थकों के भारी रेले के साथ वोट मांगते घूम रहे नेताजी को देख आप जब तक उनकी 'हवा' होने की बात सोचते हैं, अगली ही गली में उनसे भी भारी समर्थकों के साथ घूमते दूसरे नेताजी को देख आपके मन में आया यह ख्याल 'हवा' हो जाता है। कुल मिलाकर सभी प्रत्याशियों ने अपनी पूरी ताकत वोटर्स को लुभाने में झोंक दी है। मालाओं के बोझ से लदे-फंदे, बेहद विनम्र, बेहद निरीह और बेहद मददगार नजर आने वाले नेताजी को देख कोई सोच भी नहीं सकता कि कुर्सी मिलने के बाद उनका यह रूप कितना बदल जाएगा। कुल मिलाकर अभी सुबह-शाम चल रही ठंडी हवाओं के साथ जो ट्रेंड में है वो चुनावी हवा ही है। अब जबकि चुनाव में एक सप्ताह ही बचा है तो चुनावी उत्साह अपने चरम की ओर है। लोगों के बीच चलने वाली चुनावी चर्चाओं से चुनावी ऊंट की करवट का अंदाजा लगाने आज हम किसी थड़ी पर नहीं बल्कि एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर पहुंचे हैं। एक विधानसभा क्षेत्र से 'धर्मप्रेमी' पार्टी के टिकट पर लड़ रहे नेताजी के समर्थक ने धर्म खतरे में बताते हुए अपने रोल मॉडल को वोट देने की अपील की है। ध्यान रहे कि ये नेताजी पिछला चुनाव अपनी पार्टी से बागी होकर निर्दलीय लड़ चुके हैं और पार्टी के उम्मीदवार की हार का कारण भी बन चुके हैं। तो वोट की अपील के नीचे आए कमेंट्स पर जो बहस मची हुई है वह मजेदार है। एक यूजर ने कमेंट किया है- "क्या पिछले चुनाव में धर्म खतरे में नहीं था। अगर आपकी पार्टी धर्म की रक्षा करने वाली है तो पिछली बार आपकी पार्टी से जो मैदान में उतरे थे वो 'मास्टरजी' क्या धर्म विरोधी थे।" बात का जवाब नहीं सूझा तो पोस्ट करने वाले ने जवाब में 'जय श्री राम' का जीआईएफ भेज दिया। एक अन्य यूजर ने पोस्ट पर कमेंट किया था- "चुनाव में ही याद आई क्या धर्म की। पिछले चुनाव में तो अपनी पार्टी को ही गाली दे रहे थे। इस बार उसी पार्टी के नाम पर वोट मांग रहे हो। पिछली बार धर्म नहीं जागा क्या।" जवाब एक अन्य यूजर ने दिया- "भाई, हम तब भी पार्टी के साथ थे, अभी भी हैं।" तो साफ था, राजनीति में जो दिखता है, होता नहीं और जो होता है वो दिखता नहीं।

**पॉली क्लिक्स**



### नेता तुम्हीं हो कल के...

एक जमाना जब चुनावों का क्रेज बच्चों में भी भरपूर हुआ करता था। चुनाव प्रचार सामग्री तो बच्चों के मनोरंजन का साधन हुआ करती थी। अब समय बदला हुआ है लेकिन कल की राजनीति के कर्ताधर्ता तो ये बच्चे ही होने वाले हैं। सांगानेर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार पुष्पेन्द्र भारद्वाज ने प्रचार के दौरान एक बच्चे को गोद में लेकर दुलारा तो वह खिल उठा- मानो कह रहा हो कि मैं भी कल का नेता हूं।

**पॉली टून**




**चुनावी इतिहास के झरोखे से**




■ गुलाब बत्रा, वरिष्ठ पत्रकार
gulabbatra@gmail.com

# जीवन के पहले चुनाव में ही 88.37 फीसदी वोट हासिल कर विधायक बने थे भंवर जी

तो, बात चल रही थी भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व हवामहल विधानसभा क्षेत्र से लगातार छह बार विधायक रहे भंवरलाल शर्मा की। 1977 में अपने पहले विधानसभा चुनाव में 88.37 प्रतिशत वोट हासिल कर जीतने वाले भंवर जी ने 1980 में कांग्रेस के किशन सिंह आजाद को 16431 वोट से हराया। लेकिन 1985 का चुनाव भंवर जी के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया। सीए शंकर अग्रवाल के अनुसार कांग्रेस ने इस बार एडवोकेट दिनेश चंद स्वामी को चुनाव मैदान में उतारा। इंदिरा गांधी की हत्या के पश्चात विधानसभा के इस चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में सहानुभूति लहर का असर था। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कच्ची बस्तियों आदि इलाकों में वोट बिखरने से जुड़ी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी। नतीजतन भंवर जी कड़े संघर्ष में मात्र 2863 वोटों के अंतर से चुनाव जीत पाए। भंवर जी को 27372 (52.13%) और दिनेश स्वामी को 24509 वोट मिले।

### मित्र से बोले... तुम्हारी शादी का तोहफा मुझे हमेशा याद रहेगा



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे भंवर जी ने विधानसभा चुनाव से पहले नगर परिषद जयपुर के पार्षद का भी चुनाव लड़ा था। नगर परिषद के चुनाव, परिषद के सभापति पद तथा अविश्वास प्रस्ताव से जुड़ा दिलचस्प किस्सा सीए शंकर अग्रवाल ने साझा किया। वर्ष 1962 के इस प्रसंग का उल्लेख करते हुए शंकरजी बताते हैं कि उनके भावी ससुर शिवनाथ कंसल का विवाह हरिद्वार में बड़े भाई की देखरेख में हुआ। जयपुर से शिवनाथ जी के मित्र भंवरजी भी बारात में गए। इस बीच ही सभापति भंवर लाल शर्मा के विरोधी पार्षदों को एकजुट करके उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित कराने की रणनीति बनाई गई और उन्हें पद से हटना पड़ा। तब भंवर जी अपने मित्र कंसल जी को मजाक में उलाहना देते हुए कहा कि तुम्हारी शादी का तोहफा मुझे हमेशा याद रहेगा। भंवर जी केबीनेट मंत्री भी बने लेकिन उनकी सादगी, सहजता एवं अनौपचारिकता से परिपूर्ण हास-परिहास से जुड़ी स्मृतियां लोगों के मानस पटल पर अंकित हैं।

### प्रतिद्वंद्वी महेश जोशी को मिले थे 13,164 वोट

पूर्व जयपुर रियासत के महाराजा प्रतापसिंह द्वारा मोर-मुकुट की छवि रूप में बनाए गए हवामहल निर्वाचन क्षेत्र को फतह करना कांग्रेस के लिए टेढ़ी खीर बन गया था। इसलिए चुनाव दर चुनाव कांग्रेस ने प्रत्याशी बदलने की रणनीति अपनाई। वर्ष 1990 का चुनाव आया तो खुश कांग्रेस ने युवा महेश जोशी को खड़ा किया। एकतरफा चुनाव में महेश जोशी को केवल 13164 वोट मिले और उनकी पराजय का अंतर 24398 था। भंवरजी को 69.07% मत मिले। अगले चुनाव वर्ष 1993 में बनवारीलाल गुप्ता चुनाव मैदान में उतारे गए। इस बार भंवरजी ने 70.19 प्रतिशत वोट हासिल कर प्रतिद्वंदी प्रत्याशी को 27828 वोटों से परास्त किया। जनसंघ और भाजपा के दिग्गज नेता भैरों सिंह शेखावत की अगुवाई में वर्ष 1998 के चुनाव में लगातार दूसरी बार शासन सत्ता पर सवार भाजपा सरकार के प्रति स्वाभाविक विरोधी लहर थी। भंवर जी के जीवन का भी यह आखिरी चुनाव था। कांग्रेस की ओर से रिखबचंद शाह का भंवर जी से मुकाबला था। कड़े संघर्ष में भंवर जी ने 7189 मतों से जीत दर्ज की। अगले चुनाव 2003 में रिखबचंद शाह को भाजपा के सुरेन्द्र पारीक से 16961 वोटों से मात खानी पड़ी। वर्ष 2008 में भंवर जी की पुत्री मंजू शर्मा कांग्रेस के बृजकिशोर शर्मा से केवल 580 मतों के अंतर से हार गई। वर्ष 2013 में भाजपा के सुरेन्द्र पारीक को बृज किशोर शर्मा ने 12715 तथा 2018 में महेश जोशी ने 9282 वोटों से पराजित किया।

# सामूहिक प्रयास बदलेंगे ऊर्जा दक्षता की तस्वीर



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

दुनिया में अक्षय ऊर्जा उत्पादक देशों में भारत अब तीसरे स्थान पर है। भारत अपनी 10 फीसदी ऊर्जा का उत्पादन विंड और सोलर की मदद से कर रहा है, जबकि अमेरिका 12 फीसदी, चीन, जापान और ब्राजील 10 फीसदी और तुर्की 13 फीसदी बिजली का उत्पादन विंड और सोलर से कर रहे हैं। यूरोपियन यूनियन 21 फीसदी और यूनाइटेड किंगडम 33 फीसदी पवन और सौर ऊर्जा की मदद से उत्पादित कर रहे हैं, जबकि रूस अपनी सिर्फ 0.2 फीसदी बिजली सोलर और विंड की मदद से बना रहा है। यदि कोयले से बन रही बिजली की बात करें तो देश में उसमें करीब 8.3 फीसदी की गिरावट आई है। अमेरिका को देखें तो उसकी थर्मल एनर्जी में करीब 31 फीसदी और यूरोपियन यूनियन में 32 फीसदी की गिरावट आई है। वहीं चीन जो सबसे ज्यादा उत्सर्जन करने वाला देश है, उसकी थर्मल एनर्जी में 2 फीसदी की गिरावट आई है।

एक अनुमान के अनुसार, 2035 तक भारत में ऊर्जा की मांग 4.2 प्रतिशत वार्षिक की दर से बढ़ेगी, जो पूरी दुनिया में सबसे तेज होगी। वहीं विश्व के ऊर्जा बाजार में 2016 में भारत की मांग पांच प्रतिशत थी, जो 2040 में 11 फीसद होने का अनुमान है। इन तथ्यों से समझा जा सकता है कि सरकार ने दूरदर्शिता के साथ देश की आर्थिकी को मजबूत धरातल देने का कितना महत्वपूर्ण काम अपने हाथों में ले रखा है। 2014 के बाद से नवीकरणीय यानी अक्षय ऊर्जा को जीवाश्म ऊर्जा स्रोतों का विकल्प बनाने पर उच्च प्राथमिकता से काम हो रहा है। आज भारत की कुल ऊर्जा उत्पादन क्षमता में 36 प्रतिशत अक्षय ऊर्जा की हिस्सेदारी है। बीते कुछ सालों में यह ढाई गुना बढ़ी है। इसमें सोलर यानी सौर ऊर्जा की हिस्सेदारी 13 गुना तक बढ़ी है। वर्ष 2030 तक भारत में अक्षय ऊर्जा की भागीदारी 40 प्रतिशत और 2035 तक 60 फीसद होगी। यह स्वच्छ ऊर्जा की एक नई क्रांति जैसा होगा।

> *भारत अक्षय ऊर्जा के जरिए वैश्विक पर्यावरणीय संकट के समाधान में अहम भूमिका निभा रहा है। अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन और इसके उद्देश्य देश की आत्मनिर्भरता की अवधारणा का ब्लूप्रिंट भी हैं, क्योंकि हमारी अर्थव्यवस्था का जिस अनुपात में आकार बढ़ रहा है, उसकी बुनियाद ऊर्जा केंद्रित ही है। अक्षय ऊर्जा पर निर्भरता हमारी आत्मनिर्भरता की राह को भी आसान बनाएगी।*

अक्षय ऊर्जा के अन्य घटक पवन, बायो, पनबिजली की परियोजनाओं पर भी सरकार की प्रतिबद्धता से यह स्पष्ट है कि 2035 से पहले भारत नवीकरणीय ऊर्जा के सभी लक्ष्य हासिल कर लेगा। एक अनुमान के अनुसार, मध्यप्रदेश के रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर परियोजना से 15.7 लाख टन कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन रोका गया है। यह धरती पर 2.60 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है। भारत में अक्षय ऊर्जा की असीम संभावनाएं हैं। जाहिर है जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने के लिए जो प्रतिबद्धता भारत ने व्यक्त की है, वह इसकी विश्व दृष्टि की उद्घोषणा का ही हिस्सा है। भारतीय दृष्टि प्रकृति के शोषण के स्थान पर संतुलित दोहन की समर्थक है। देश ने जिस प्रभावशाली तरीके से दुनिया के सामने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन का प्रकल्प खड़ा किया है, वह पेरिस समझौते के समानांतर सही मायनों में भारतीय लोकमंगल की परिकल्पना का रूप है।

आंकड़ों से पता चलता है कि सूरज से भारत में औसतन पांच हजार लाख किलोवाट घंटा प्रति वर्ग मीटर के बराबर सौर ऊर्जा आती है। एक मेगावाट सौर ऊर्जा के लिए तीन हेक्टेयर समतल भूमि चाहिए। इस लिहाज से भारत के पास इस क्षेत्र में विपुल संभावनाओं का भंडार है। सरकार ने इस शाश्वत ऊर्जा भंडार को देश की ऊर्जा जरूरतों से जोड़कर जो लक्ष्य तय किए हैं, वह एक सपने को साकार करने जैसा ही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसे श्योर, प्योर और सिक्योर कहते हैं, क्योंकि सूरज सदैव चमकता है। थिंक टैंक एजेंसी एम्बर की रिपोर्ट के अनुसार, थर्मल पावर प्लांट दुनिया के लिए 33 फीसदी ऊर्जा का उत्पादन कर रहे हैं। यह रिपोर्ट 48 देशों के ऊर्जा संबंधी आंकड़ों पर आधारित है, जिसमें भारत भी शामिल है। ये 48 देश विश्व की कुल बिजली का करीब 83 फीसदी उत्पादन करते हैं। वहीं ऊर्जा उत्पादन में विंड और सोलर की हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है। सरकार का दावा है कि सोलर मॉड्यूल और पैनल विनिर्माण क्षेत्र में 2030 तक भारत आत्मनिर्भरता हासिल कर लेगा। इधर, देश में वाणिज्यिक इमारतों को कम बिजली खपत वाला और ऊर्जा दक्ष बनाने की योजना ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता (ईसीबीसी) को अब तक कई राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश अनिवार्य कर चुके हैं। बिजली मंत्रालय के अधीन आने वाला ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) राज्यों के माध्यम से इस योजना का क्रियान्वयन कर रहा है। इसके तहत इमारतों की डिजाइन और निर्माण इस रूप में किया जाता है, जिससे बिजली की खपत कम से कम हो। ईसीबीसी के तहत इमारतों की डिजाइन बनाने के लिए तीन विकल्प होते हैं। पहले विकल्प में जहां 15 से 20 प्रतिशत की बिजली की बचत होती है, वहीं दूसरे और तीसरे विकल्प में क्रमशः 30 से 35 प्रतिशत और 40 से 45 प्रतिशत बिजली की बचत होती है। ईसीबीसी से 2030 तक 125 अरब यूनिट बिजली बचत का अनुमान है, जो 10 करोड़ टन कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के बराबर है।

ऐसे में उपभोक्ता कम कीमत के चक्कर में बिना रेटिंग वाले उपकरणों को ले लेता है। जिन उपकरणों के लिए स्टार रेटिंग लागू है, उनमें बिना रेटिंग वाले उपकरणों की बिक्री पर रोक होनी चाहिए। इसके लिए हमें कठोर कदम उठाने होंगे। हम सभी मिलकर प्रयास करेंगे तो भारत को ऊर्जा दक्षता के मामले में भी दुनिया में नंबर वन बना सकेंगे। इससे भारत ऊर्जा क्षेत्र में भी दुनिया को राह दिखा सकेगा।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लाला लाजपत राय शहादत दिवस

# मेरा मज़हब हक़-परस्ती, मेरी मिल्लत...



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> *'यंग इंडिया' में तो उन्होंने भारत में ब्रिटिश शासन को लेकर लगातार इस तरह से तर्कपूर्ण गंभीर इल्ज़ाम लगाए कि ब्रिटिश हुकूमत तिलमिला उठी और उसने इस किताब को प्रकाशित होने से पहले ही ब्रिटेन एवं भारत में प्रतिबंधित कर दिया। लाला लाजपत राय की भाषा और लेखन को कोई जवाब नहीं था। उनका आक्रामक लेखन और काव्यात्मक भाषा पाठकों पर गहरा असर छोड़ती थी।*

'पंजाब केसरी' के नाम से मशहूर लाला लाजपत राय की पहचान, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गरम दल के अहम नेता के तौर पर है। लाला लाजपत राय की सोच थी कि यदि देश को आज़ाद कराना है, तो ब्रिटिश शासन के ज़ुल्म-ओ-सितम को दुनिया के सामने रखना होगा। ताकि हिंदुस्तान की तहरीक-ए-आज़ादी में दीगर मुल्कों की भी मदद और हिमायत मिल सके। इस सिलसिले में वे साल 1914 में ब्रिटेन गए और फिर उसके बाद साल 1917 में अमेरिका। साल 1917 से लेकर साल 1920 तक लाला लाजपत राय अमेरिका में ही रहे। अपने चार साल के प्रवास काल में उन्होंने 'इंडियन इन्फ़ॉर्मेशन' और 'इंडियन होमरूल लीग' नाम की दो तंज़ीमें सरगर्मी से चलाईं। साल 1920 में जब वे अमेरिका से वापस लौटे तो उन्हें कलकत्ता में कांग्रेस के ख़ास सत्र की अध्यक्षता करने के लिए आमंत्रित किया गया। स्वदेश वापसी के बाद लाला लाजपत राय एक बार फिर उसी तरह से स्वतंत्रता आंदोलन में सरगर्म हो गए। इसी दरमियान अंग्रेज़ हुकूमत ने देश में काला कानून 'रॉलेट एक्ट' लागू कर दिया] जिसका पूरे देश में व्यापक विरोध हुआ। महात्मा गांधी ने इस कानून के विरोध में अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ असहयोग आंदोलन छेड़ दिया। पंजाब भी इससे अछूता नहीं रहा।



जलियांवाला बाग हत्याकांड के घाव अभी भी हरे थे, तिस पर 'रॉलेट एक्ट' कानून ने अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ राज्य में लोगों का ग़ुस्सा बढ़ा दिया। पंजाब में आंदोलन का नेतृत्व लाला लाजपत राय ने किया। साल 1921 में आंदोलन की वजह से उन्हें जेल भी हुई। महात्मा गांधी ने 'चौरी चौरा' वाक़िआत के बाद जब असहयोग आंदोलन को वापस लेने का फ़ैसला किया, तो लाला लाजपत राय ने इस फ़ैसले की मुख़ालफ़त की। देश को आज़ाद कराने के लिए वे हमेशा इंक़लाबी राह अपनाने के हिमायती थे। कांग्रेस के नरमपंथी नेताओं और नीतियों से उनके गहरे मतभेद थे। बाल गंगाधर तिलक के सामान वे भी उग्र विचारधारा के हामी थे। तिलक और विपिनचंद्र पाल के साथ मिलकर, आगे उन्होंने कांग्रेस के अंदर पूर्ण स्वराज की वकालत की। लाला लाजपत राय का मानना था,'दास जाति की कोई आत्मा नहीं होती। इसलिए देश के लिए स्वराज परम आवश्यक है और सुधार अथवा उत्तम राज्य इसके विकल्प नहीं हो सकते।'

स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय हिस्सेदारी के साथ-साथ देशवासियों पर जब भी कोई मुसीबत आती, लाला लालपत राय उनकी सेवा के लिए जी जान से जुट जाते। साल 1897 और 1899 में देश के कई हिस्सों में अकाल पड़ा, तो लाला लालपत राय से किसानों का दुःख देखा नहीं गया और वे उनके लिए राहत कार्यों में लग गए। लाला लाजपत राय ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर अनेक स्थानों पर शिविर लगाकर, लोगों की सेवा की। साल 1901-1908 की अवधि में वे एक बार फिर भूकंप एवं अकाल पीड़ितों की मदद के लिए सामने आए। साल 1905 में जब अंग्रेज़ हुकूमत ने बंगाल का विभाजन किया, तो इस फ़ैसले का विरोध करने वालों में भी लाला लाजपत राय सबसे आगे थे। किसानों को उनके वाजिब अधिकार मिले, इस बात की उन्होंने हमेशा हिमायत की। पंजाब में सरदार अजीतसिंह के साथ मिलकर, उन्होंने किसानों के लिए एक आंदोलन चलाया। अंग्रेज़ हुकूमत को यह बात मालूम चली, तो इन दोनों देशभक्त नेताओं को देश से निर्वासित कर पड़ोसी देश बर्मा के मांडले नगर में नज़रबंद कर दिया गया, लेकिन अंग्रेज़ हुकूमत इसमें कामयाब नहीं हो सकी। लाला लाजपत राय और मज़दूर लीडर एनएम जोशी की कोशिशों से साल 1920 में 'अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस' की स्थापना हुई। बाद में 'अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस' से टूटकर 'एटक' बनी, तो इसके पहले अध्यक्ष की ज़िम्मेदारी लाला लाजपत राय ही को सौंपी गई। लाला हरदयाल के साथ मिलकर, उन्होंने क्रांतिकारी आंदोलनों में भी हिस्सा लिया।

लाला लाजपत राय आला दर्जे के सियासी लीडर ही नहीं थे, बल्कि एक बेहतरीन लेखक और प्रभावशाली वक्ता भी थे। उन्होंने 'पंजाबी', 'वंदे मातरम्' (उर्दू) और 'द पीपुल' समाचार पत्रों की क़ायमगी की और इन अख़बारों के मार्फ़त मुल्कवासियों के बीच इंक़लाबी ख़यालात पहुंचाए। इसके अलावा 'यंग इंडिया' नाम से एक मासिक पत्र भी निकाला। कई किताबें लिखीं। 'भारत का इंग्लैंड पर ऋण', 'भारत के लिए आत्मनिर्णय' और 'यंग इंडिया' उनकी अहम किताबें हैं। ये सारी किताबें वतन-परस्ती और नव जागृति के विचारों से भरी हुई हैं। 'यंग इंडिया' में तो उन्होंने भारत में ब्रिटिश शासन को लेकर लगातार इस तरह से तर्कपूर्ण गंभीर इल्ज़ाम लगाए कि ब्रिटिश हुकूमत तिलमिला उठी और उसने इस किताब को प्रकाशित होने से पहले ही ब्रिटेन एवं भारत में प्रतिबंधित कर दिया। लाला लाजपत राय की भाषा और लेखन को कोई जवाब नहीं था। उनका आक्रामक लेखन और काव्यात्मक भाषा पाठकों पर गहरा असर छोड़ती थी। मिसाल के तौर पर उर्दू दैनिक 'वंदे मातरम्' में लिखी उनकी इन चंद लाइनों पर नज़र दौड़ाएं,'मेरा मज़हब हक़-परस्ती है, मेरी मिल्लत क़ौम-परस्ती है, मेरी इबादत ख़लक-परस्ती है, मेरी अदालत मेरा ज़मीर है, मेरी जायदाद मेरी क़लम है, मेरा मंदिर मेरा दिल है और मेरी उमंगें सदा जवान हैं।' लाला लाजपत राय अपने विचारों से लगातार देशवासियों को जागृत करते रहते थे।

साल 1928 में संवैधानिक सुधारों पर चर्चा के लिए साइमन कमीशन भारत आया। कमीशन में कोई भारतीय प्रतिनिधि नहीं होने की वजह से देशवासियों का ग़ुस्सा भड़क गया। देश भर में विरोध-प्रदर्शन होने लगे। लाला लाजपत राय ने एक बार फिर इन विरोध प्रदर्शनों की अगुआई की। 30 अक्टूबर, 1928 का दिन है, लाला लाजपत राय लाहौर में ऐसे ही एक शांतिपूर्ण जुलूस का नेतृत्व कर रहे थे। अंग्रेज़ पुलिस अधीक्षक जेम्स ए. स्कॉट ने इस जुलूस को रोकने के लिए प्रदर्शनकारियों पर लाठी चार्ज का आदेश दे दिया। लाठी चार्ज में पुलिस ने ख़ास तौर पर लाजपत राय को अपना निशाना बनाया। इस हमले से लाला लाजपत राय बुरी तरह से ज़ख्मी हो गए। वे लाठियां खाते रहे, मगर हिम्मत नहीं हारी। घायल अवस्था में भी वे अंग्रेज़ों को यह कहकर ललकारते रहे,'मेरे शरीर पर पड़ा आज एक-एक प्रहार, ब्रिटिश साम्राज्य के ताबूत पर आख़िरी कील साबित होगा।' इस घटना के सत्रह दिन बाद यानी 17 नवंबर, 1928 को लाला लाजपत राय ने आख़िरी सांस ली और देशवासियों से हमेशा के लिए विदा हो गए। लाला लाजपत राय की शहादत से पूरा देश शोक में डूब गया। उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए महात्मा गांधी ने कहा,''भारत के आकाश पर जब तक सूर्य का प्रकाश रहेगा, लालाजी जैसे व्यक्तियों की मृत्यु नहीं होगी। वे अमर रहेंगे।'' लाला लाजपत राय ज़िंदगी भर ब्रिटिश हुकूमत से देश को आज़ाद कराने की लड़ाई में जी जान से जुटे रहे। उनकी शहादत ने स्वतंत्रता आंदोलन को और भी ज्यादा मज़बूत कर दिया।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# नाम वापस...



संतोष दिवाकर
स्वतंत्र टिप्पणीकार

चुनाव आते ही कुछ न कुछ जुमला उछलने लगता है जैसे पहली सूची, दूसरी सूची,उसका क्षेत्र बदला,उनका वही रहा,उसने नामांकन किया, इसने नाम वापस लिया आदि आदि। जिस तरह किसी प्रतियोगिता परीक्षा का परीक्षाफल निकलने पर छात्र-छात्राएं पहली काउंसलिंग, दूसरी काउंसलिंग, में अपने मिलने वाले कॉलेज की स्थिति को देखते रहते हैं, वही स्थिति नेताओं की भी इन सूचियां को देखने पर होती है।

पहली सूची में नाम नहीं आया तो दूसरी सूची की इंतजार करते हैं कि हे भगवान इस बार सूची में मेरा नाम आ जाए। समर्थकगण अखबार खरीद रहे है और गौर से देखते है कि इस सूची मेरे नेता का नाम आया कि नही? सूची में नाम आ जाने से मन थोड़ा निश्चिंत हो जाता है कि चलो एक बाधा को पार कर गए, कॉलेज तो मिल गया अब परीक्षा पास करनी है। फिर नामांकन का दौर आता है।

बारात लेकर निर्वाचन कार्यालय पहुंचते है और गले में माला ही माला रहता है, यदि कोई माला पहनाने वाला नहीं है तो खुद ही 10-20 माला खरीद कर स्वयं ही पहन लेते हैं। शादी में गले में तो एक ही माला पड़ती है जबकि नामांकन में माला ही माला पहनना पड़ता है, साथ-साथ दूसरों को भी पहनाना पड़ता है, नही तो समर्थक रूठ जाएगा।

चुनाव के दौरान बीवी भले ही रूठ जाए लेकिन मतदाता को रूठने नहीं दिया जाता है। बीवी तो मान जाएगी लेकिन मतदाता एक बार रूठ गया तो फिर 5 साल के बाद ही मनाने का मौका मिलेगा। फिर नाम वापस लेने का दौर चलता है, जैसे विद्यार्थी कई इंजीनियरिंग कॉलेज में पैसा जमा कर सीट छेकते है और फिर किसी कॉलेज में नाम लिखवाते है या यूं कहे जैसे रेल, बस में रूमाल/ तौलिया फेंक कर सीट छेकते है, फिर कोई अच्छा जगह देखकर बैठते है। बैंक में खाता में नामांकन होना आवश्यक है, ताकि आपके जिंदगी के बाद आपके नामिती (नॉमिनी) को आपके खाता में जमा राशि आसानी से मिल जाए; पर चुनाव में जिन्होंने नामांकन किया है उनमें से किन्हीं की मृत्यु हो जाए तो फिर चुनाव अस्थगित हो जाती है, राजनीति के मंच भले ही एक दूसरे के खून के प्यासे हो पर चुनाव के जंग में नामांकन हो जाने के बाद चुनाव परिणाम आने तक एक दूसरे के जीवन की मंगल कामना करते हैं। कोई रुपया लेकर नाम वापस ले रहा है, कोई आश्वासन पर नाम वापस ले रहा है, कोई खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे के तर्ज पर नाम वापस ले रहा है और पार्टी के पिछले सीट पर आकर चुपचाप बैठ जाता है। टिकट वाला उम्मीदवार राहत की सांस लेता है चलो एक विद्रोही शांत हुआ और रणछोड़ उम्मीदवार के साथ हाथ ऊपर उठाए हुए एक फोटो खिंचवाते हुए कहते हैं - घर आया मेरा परदेसी।

सुबह का भूला यदि शाम को घर लौट आए तो उसे भूला नहीं कहते हैं। रणछोड़ उम्मीदवार नैतिकता की दुहाई देता है और कहता है कि मैंने अंतरात्मा की आवाज पर नाम वापस लिया है और पार्टी का कर्ज उतारने के लिए अपने घर में वापस आ गया हूं और पार्टी को वैसे ही मजबूत करूंगा जैसे जन्मकुंडली में जब कोई ग्रह अपने मूल घर में होता है तो कुंडली को मजबूत कर देता है।

यह बात अलग है कि लोगों के सामने टिकट वाले उम्मीदवार के साथ नाम वापसी वाले व्यक्ति हाथ में हाथ डाले फोटो खिंचवाते हैं लेकिन अंदर ही अंदर चुनाव के दौरान पैर खींचते रहते हैं,यही है नाम वापसी की अमर कहानी।

## नॉलेज कॉर्नर: सूर्य की तेज रोशनी में हो जाते हैं अदृश्य

# इस वजह से दिन में नजर आता है चंद्रमा!

जब भी रात की बात होती है, लोगों के मन में अक्सर चांद और सितारों की झलक सामने आती है। रात के वक्त आसमान में चमकता चांद बहुत सुंदर लगता है, लेकिन कई बार यही चांद दिन में भी नजर आता है। क्या आपने कभी सोचा है कि ऐसा क्यों होता है? हम सूर्य की रोशनी के कारण दिन में चंद्रमा को नहीं देख सकते हैं। चंद्रमा और तारों को दिन में दिखाई नहीं देने की एकमात्र वजह यह है कि सूर्य की तेज रोशनी में वे अदृश्य हो जाते हैं। हालांकि, तारों की चमक बहुत ही कमजोर होती है, इसलिए वे दिन में दिखाई नहीं देते। चंद्रमा के इस तरह दिखाई देने के संबंध में विस्तार से जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### कभी पूरा तो कभी अधूरा

चंद्रमा पृथ्वी का चक्कर लगाता है और दोनों मिल कर सूर्य के चक्कर लगाते हैं। सबसे पहले हम इस सवाल का जवाब देते हैं कि अगर चंद्रमा का अपना कोई प्रकाश नहीं है तो वह हमें दिखाई कैस देता है, वह भी चमकता हुआ? हमें चंद्रमा इस वजह से दिखाई देता है क्योंकि उस पर आने वाला सूर्य का प्रकाश प्रतिबिंबित होकर पृथ्वी पर आता है। इस तरह चंद्रमा आइने का काम करता है। जब चंद्रमा पृथ्वी के पीछे होता है तो सूर्य की किरणें चंद्रमा पर पड़कर पृथ्वी तक सीधे आ जाती हैं और चंद्रमा पूरा गोल दिखाई देता है। यह पूर्णिमा की रात होती है। वहीं महीने में दो बार सूर्य पृथ्वी और चंद्रमा समकोण बनाते हैं। ऐसे में चंद्रमा आधा दिखाई देता है। इसी तरह अलग अलग कोणों के कारण चंद्रमा के अलग आकार दिखाई देते हैं जिन्हें चंद्रमा की कलाएं कहते हैं और अंग्रेजी में फेजेज ऑफ द मून कहते हैं।



### ये है बड़ा कारण

चंद्रमा की चमक उसकी सतह पर बिखरी हुई है, जिससे वह दिन में भी दिखाई दे सकता है। सूर्य की किरणें चंद्रमा की सतह से टकरा कर प्रतिबिम्बित होती हैं और चंद्रमा के वायुमंडल में कोई बाधा नहीं होने से यह प्रक्रिया संभव है। चंद्रमा, सूर्य और पृथ्वी की तुलना में विभिन्न स्थितियों के कारण हमें यह हमेशा दिखाई नहीं देता है और यह अलग-अलग आकार में भी दिख सकता है। इसके अलावा, चंद्रमा का दिन में दिखना चांद की आसमान में स्थिति पर भी निर्भर करता है। कई बार चंद्रमा सूर्य के लिए पृथ्वी के पीछे होता है, जिससे इसे दिन में देखा नहीं जा सकता है।

### विपरीत दिशा में भी दिखता है

*आमतौर पर चंद्रमा सूर्य की किरणों का प्रतिबिम्बित होकर कई बार सूर्योदय और सूर्यास्त के समय दिखाई देता है, जब ये घटनाएं एक साथ होती हैं। इस दौरान चंद्रमा सूर्य के विपरीत दिशा में दिखाई देता है और इसकी रोशनी पृथ्वी के वायुमंडल में अलग-अलग रंगों में प्रकट हो सकती है।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*

---

**X**



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
सुन लीजिए मोदी जी-जितना पैसा आपने अडानी जैसे लोगों की जेब में डाला है, उतना पैसा मैं भारत के गरीबों की जेब में डालूंगा।



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
हर राजस्थान वासी का संकल्प, 7 गारंटी से बदलेगा कायाकल्प।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
आप किसी और को तब तक खुश नहीं कर सकते जब तक आप खुश रहना नहीं जानते।






**छत्तीसगढ़ चुनाव परिक्रमा: छोटे दल बिगाड़ सकते हैं सत्ता की दावेदार पार्टियों का सियासी गणित**

# बिलासपुर संभाग में तय होगी 'सत्ता की राह', कांग्रेस-भाजपा में घमासान

एजेंसी | बिलासपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में शुक्रवार को जिन 70 सीटों पर मतदान होगा उनमें बिलासपुर संभाग की वे 25 सीटें भी शामिल हैं जो राज्य विधानसभा में लगभग एक तिहाई विधायक भेजती हैं। इन सीटों पर जीत के लिए कांग्रेस और भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक रखी है।

राज्य में सारंगढ़-बिलाईगढ़ के नाम से नए जिले के निर्माण के बाद, बिलाईगढ़ सीट, जो पहले रायपुर संभाग में थी, बिलासपुर संभाग में शामिल कर दी गई।



2018 में बिलाईगढ़ सीट कांग्रेस ने जीती थी। तब बिलासपुर संभाग में 24 सीटें थीं। इससे स्पष्ट है कि राज्य में चुनावी हार-जीत में इस संभाग की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। यानी बिलासपुर संभाग तय करेगा कि सत्ता की चाबी किसके हाथ लगेगी। कांग्रेस को 2018 के चुनाव में राज्य की अन्य जगहों के मुकाबले यहां कम सीटें मिली थीं। इस बार अंचल की कई सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबले के आसार हैं।

### साल 2018 में ये रहे थे नतीजे

संभाग में कुल **सीटें 24**

| | |
|---|---|
| कांग्रेस | 12 |
| भाजपा | 07 |
| बसपा | 02 |

*जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) 03*

### कई सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला परेशानी का सबब

भाजपा और कांग्रेस के दावों के बीच इस क्षेत्र की कई सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना है जो दोनों बड़े दलों के लिए परेशानी का कारण बन सकता है। इस क्षेत्र में छत्तीसगढ़ के पहले मुख्यमंत्री दिवंगत अजीत जोगी का काफी प्रभाव था। बिलासपुर से कांग्रेस के विधायक शैलेश पांडेय का मुकाबला चार बार के विधायक और पूर्व मंत्री भाजपा के अमर अग्रवाल से है। पांडेय ने 2018 में अग्रवाल को हराया था। बिलासपुर संभाग में विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत, मंत्री उमेश पटेल और जयसिंह अग्रवाल भी कांग्रेस के प्रमुख उम्मीदवारों में से हैं।

### बसपा को मिला जीजीपी का साथ

2018 में इस क्षेत्र की दो सीटों पर जीत हासिल करने वाली बसपा ने इस बार गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के साथ गठबंधन किया है। राज्य में आम आदमी पार्टी भी मैदान में है।

### कांग्रेस को किसानों से उम्मीद

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस सरकार द्वारा 2,600 रुपए प्रति क्विंटल पर धान की खरीद किए जाने और न्याय योजनाओं से पार्टी को चुनाव में मदद मिलेगी। कांग्रेस ने सत्ता में बने रहने पर धान खरीद दर बढ़ाकर 3200 रुपए प्रति क्विंटल करने और कृषि ऋण माफ करने का भी वादा किया है।

### नेताओं ने की रैलियां

चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा और कांग्रेस दोनों ने इस बार बिलासपुर संभाग में प्रचार में अपनी पूरी ताकत लगा दी। इस क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने अपनी अपनी पार्टियों के पक्ष में रैलियां कीं। बिलासपुर संभाग में आठ जिले रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर, गौरेला—पेंड्रा—मरवाही, जांजगीर-चांपा, मुंगेली, सक्ती, तथा सारंगढ़-बिलाईगढ़ शामिल हैं।

## विजयशांति ने BJP छोड़ी, कांग्रेस में हो सकती हैं शामिल



**हैदराबाद।** तेलंगाना विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व सांसद एवं दिग्गज अभिनेत्री विजयशांति ने भाजपा से इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों के मुताबिक विजयशांति के 17 नवंबर को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की मौजूदगी में पार्टी में शामिल होने की संभावना है। वह हाल के दिनों में भाजपा के कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से हिस्सा नहीं ले रही थीं। अभिनेत्री से नेता बनीं विजयशांति ने 2009 में अपना राजनीतिक जीवन शुरू किया और बीआरएस के टिकट पर मेडक लोकसभा सीट से चुनी गईं थीं।

## भाजपा के चुनावी वादे पर शिवसेना को आपत्ति

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस वादे को लेकर निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है कि यदि मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार सत्ता में बनी रहती है तो वह राज्य के लोगों के लिए अयोध्या में राम मंदिर में 'दर्शन' कराने की व्यवस्था करेगी। शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि पार्टी ने इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग से पूछा है कि क्या उसने आदर्श आचार संहिता में ढील दी है। पत्र में निर्वाचन आयोग पर भाजपा के पक्ष में दोहरे मानदंड अपनाने का आरोप लगाया गया है। ठाकरे ने सम्मेलन में कहा कि 1987 में महाराष्ट्र के विले पार्ले विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव हिंदुत्व के मुद्दे पर लड़ा गया था, जिसके कारण निर्वाचन आयोग ने शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे के मतदान के अधिकार को रद्द कर दिया था।

**विस चुनाव: MP की सभी व छत्तीसगढ़ में शेष 70 सीटों पर मतदान**

# सत्ता के रंग पर आज लगेगी मुहर कांग्रेस-BJP ने झोंकी पूरी ताकत

एजेंसी | भोपाल/रायपुर

इस साल हो रहे पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की कड़ी में शुक्रवार को मध्य प्रदेश विधानसभा की 230 सीटों के लिए मतदान होगा जबकि छत्तीसगढ़ में मतदान के दूसरे चरण में 70 विधानसभा सीटों लिए के लिए मतदान होगा। चुनावों यह चरण बहुत ही अहम है। इसमें दोनों राज्यों में किस पार्टी के हाथों में सत्ता आएगी यह तय हो जाएगा। दोनों राज्यों में कांग्रेस और भाजपा सत्ता पर काबिज होने के लिए पूरी ताकत झोंक रखा है।



### मध्य प्रदेश: इन सीटों पर रहेगी नजर

भाजपा ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को सीहोर जिले की बुधनी सीट से चुनावी मैदान में उतारा है। चौहान ने यहां से लगातार चार बार चुनाव जीत चुके हैं. वो सबसे ज्यादा राज्य में चार बार सीएम बने हैं। वहीं,मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ महाकौशल अंचल के छिंदवाड़ा से चुनाव मैदान में हैं। वह 9 बार छिंदवाड़ा लोकसभा सीट से सांसद रहे हैं। दतिया सीट पर भी सबकी नजरें टिकी होगी। यहां से भाजपा ने राज्य के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा पर दांव लगाया है। मिश्रा 1990 में पहली बार विधायक बने थे। वो 2003 से भाजपा सरकार में मंत्री रहे हैं। साथ ही भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को इंदौर जिले की इंदौर 1 सीट से टिकट दिया गया है। विजयवर्गीय पांच बार विधायक और इंदौर के मेयर रह चुके हैं। इसके अलावा इसके अलावा भाजपा ने केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को मुरैना जिले की दिमनी से उम्मीदवार बनाया है। तोमर मुरैना से ही लोकसभा सांसद हैं। वहीं पांच बार के लोकसभा सांसद प्रह्लाद सिंह पटेल महाकौशल के नरसिंहपुर सीट से पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस की ओर से गुना जिले की राघोगढ़ सीट से पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के बेटे जयवर्धन सिंह चुनाव मैदान में हैं। जयवर्धन सिंह दो बार विधायक के साथ मंत्री भी रह चुके हैं. साथ ही पूर्व सीएम अर्जुन सिंह के बेटे अजय सिंह को सीधी जिले की चुरहट सीट से टिकट दिया गया

### छत्तीसगढ़: सीएम-डिप्टी सीएम का चुनावी भाग्य होगा तय

छत्तीसगढ़ में मतदान के इस निर्णायक चरण में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री राज्य के आठ मंत्रियों और चार सांसदों समेत 958 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। मतदान दलों को मतदान केंद्रों पर रवाना कर दिया गया है। राज्य में इस बार सत्ताधारी दल कांग्रेस ने कुल 90 में से 75 से अधिक सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। वहीं भाजपा राज्य में सत्ता में वापसी करना चाहती है। भाजपा ने यहां 2003 से 2018 तक लगातार 15 वर्षों तक राज किया है। मुख्यमंत्री बघेल अपनी पारंपरिक पाटन सीट से चुनाव लड़ रहे हैं जहां भाजपा ने उनके दूर के भतीजे और पार्टी के सांसद विजय बघेल को मैदान में उतारा है। अंबिकापुर में टीएस सिंह देव के खिलाफ भाजपा ने नए चेहरे राजेश अग्रवाल को मैदान में उतारा है। अग्रवाल 2018 में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। राज्य के 70 विधानसभा क्षेत्रों में से 44 सीटें सामान्य है जबकि 17 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए और नौ सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। अधिकारियों ने बताया कि दूसरे चरण में 70-70 उम्मीदवार भाजपा और कांग्रेस से तथा 43 उम्मीदवार आम आदमी पार्टी (आप) से है। वहीं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) से 62, हमर राज पार्टी के 33, बहुजन समाज पार्टी से 43 तथा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से 26 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

**सीएम नीतीश कुमार की घोषणा**

## बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिया तो JD(U) करेगा आंदोलन

एजेंसी | पटना



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को घोषणा की कि अगर केंद्र ने राज्य को जल्द से जल्द विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिया तो वह राज्यव्यापी आंदोलन शुरू करेंगे। राज्य के लिए कई वर्षों से विशेष दर्जे की मांग कर रहे जनता दल (यू) के नेता ने कहा कि राज्य को आगे बढ़ने के लिए इसकी जरूरत है। आंदोलन के दौरान राज्य के हर कोने से विशेष दर्जे की मांग की जाएगी। पटना में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नीतीश ने कहा, जो लोग मांग का समर्थन नहीं करते, उन्हें राज्य के विकास में कोई दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने कहा कि बिहार विधानमंडल ने जाति सर्वेक्षण के आधार पर सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में वंचित जातियों के लिए आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने का प्रावधान करने वाले विधेयकों को हाल में मंजूरी दी है, जिससे कुल आरक्षण 75 प्रतिशत हो जाएगा। हमने समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए कई कल्याणकारी पहल की योजना बनाई है और इसकी लागत बिहार जैसे गरीब राज्य के लिए कई करोड़ रुपए होगी। हमें इसे पांच साल से अधिक समय में खर्च करना होगा।

### विधेयकों को जल्द मंजूरी मिलने की उम्मीद

उन्होंने कहा, अगर बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग पूरी हो जाती है, तो हम ढाई साल के भीतर संबंधित लोगों को सभी लाभ प्रदान करने में सक्षम होंगे। इसलिए, बिहार को तुरंत यह दर्जा चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आरक्षण से संबंधित दो विधेयकों को राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर के पास उनकी सहमति के लिए भेजा गया है। उम्मीद है कि राज्यपाल जल्द ही दोनों विधेयकों पर हस्ताक्षर करेंगे। उसके तुरंत बाद, हम इसे समाज के सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए लागू करेंगे।

### इंदौर का स्मार्ट मतदान केंद्र



**इंदौर।** मध्यप्रदेश में शुक्रवार को विधानसभा चुनावों के लिए इंदौर में प्रशासन ने नवाचार करते हुए स्मार्ट मतदान केंद्र बनाया है। इसे कतार से मुक्त रखने के लिए ऑनलाइन टोकन व्यवस्था की गई है। इसके तहत मतदान के लिए पहुंचने वाले लोगों को टोकन नम्बर दिया जाएगा और अपनी बारी आने तक वे मतदान केंद्र में आराम से बैठ सकेंगे।

**मध्यप्रदेश: मैहर विधानसभा क्षेत्र में केंद्रीय मंत्री सिंधिया की प्रतिष्ठा दांव पर**

# भाजपा के बागी ने मुकाबले को बनाया त्रिकोणीय

एजेंसी | मैहर

ग्वालियर-चंबल क्षेत्र से इतर मध्य प्रदेश के विंध्य इलाके में भी विधानसभा की एक सीट ऐसी है जहां केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है और यह है नवगठित मैहर जिले की मैहर विधानसभा सीट। आम तौर पर यहां मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच ही होता आया है, लेकिन इस बार सत्ताधारी दल के ही एक बागी ने अपनी पार्टी बनाकर मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है। हाल ही में



सतना से अलग कर मैहर को नया जिला घोषित किया गया था। पृथक विंध्य प्रदेश की मांग को लेकर भाजपा विधायक नारायण त्रिपाठी ने 'विंध्य जनता पार्टी') का गठन कर मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है।

### त्रिपाठी का टिकट काटा, चतुर्वेदी प्रत्याशी

इस सीट से इस बार भाजपा ने त्रिपाठी का टिकट काटकर सिंधिया के करीबी श्रीकांत चतुर्वेदी को प्रत्याशी बनाया है। चतुर्वेदी ने पिछला विधानसभा चुनाव कांग्रेस के टिकट पर लड़ा था, लेकिन वह करीब तीन हजार मतों के अंतर से हार गए थे। सिंधिया जब कांग्रेस से बगावत कर कमल नाथ के नेतृत्व वाली सरकार गिराकर भाजपा के पाले में चल दिए थे तो चतुर्वेदी भी उनके साथ हो लिए थे।

### बसपा व गोंगपा का साझा प्रत्याशी भी उतरा

करीब ढाई लाख मतदाताओं वाली इस विधानसभा सीट से बसपा और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) के संयुक्त उम्मीदवार वीरेन्द्र कुशवाहा भी चुनाव लड़ रहे हैं। वह 2003 के विधानसभा चुनाव में भी बसपा के उम्मीदवार थे और दूसरे स्थान पर रहे थे ।

### कांग्रेस का पंजाबी प्रत्याशी पर दांव

ब्राह्मण व कुर्मी मतदाताओं के बाहुल्य वाली इस सीट पर कांग्रेस ने पंजाबी समुदाय से आने वाले धर्मेश घई पर दांव चला है। मैहर में पंजाबी बहुत कम हैं ,लेकिन घई का व्यापारी वर्ग में अच्छा खासा प्रभाव माना जाता है। यहां एससी और एसटी वर्ग के मतदाताओं की अच्छी खासी तादाद है जो राजनीतिक समीकरण बना और बिगाड़ सकते हैं।

**तेलंगाना चुनाव डायरी**

# तेलंगाना आंदोलन के दौरान लोगों की मौत पर हुआ था दुख: पी चिदंबरम

एजेंसी | हैदराबाद

तेलंगाना में 30 नवंबर को प्रस्तावित विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार के दौरान भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) तेलंगाना आंदोलन को लेकर कांग्रेस पर लगातार प्रहार कर रही है। इस बीच, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने आंदोलन के दौरान हुई लोगों की मौत पर गुरुवार को दुख जताया। चिदंबरम ने यहां मीडियाकर्मियों से बातचीत में यह भी कहा कि अलग राज्य बनाना या किसी राज्य को विभाजित करना बच्चों का खेल नहीं है और जन आंदोलन के परिणामस्वरूप ऐसा होता है। तेलंगाना राज्य के गठन में



पूर्ववर्ती संप्रग सरकार की ओर से हुई देरी की वजह से लोगों की जान जाने के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के आरोपों पर चिदंबरम ने कहा, आत्महत्या एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। अगर जन आंदोलन में कुछ लोगों की जान चली गई तो हमें इसका दुख है। लेकिन आप इसके लिए तत्कालीन केंद्र सरकार को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकते। हालांकि, उन्होंने आरोप लगाया कि तेलंगाना में के. चंद्रशेखर राव नीत बीआरएस सरकार में आत्महत्या के 4,000 से अधिक मामले सामने आए हैं। इन आत्महत्याओं के लिए कौन जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि आंदोलन के दौरान राव एक प्रभावशाली नेता बनकर उभरे थे और इसलिए वह आज मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि अत्यधिक परिश्रम के बाद कांग्रेस तेलंगाना को अलग राज्य बनाने पर सहमत हुई थी और उन्होंने 9 दिसंबर, 2009 को इसकी घोषणा की थी जिसके बाद इस मुद्दे पर अनशन कर रहे चंद्रशेखर राव ने अपनी हड़ताल समाप्त की थी।

### कांग्रेस व भाजपा एक ही सिक्के के दो पहलू



**आदिलाबाद।** भारत राष्ट्र समिति प्रमुख के. चंद्रशेखर राव ने कांग्रेस और भाजपा को एक ही सिक्के के दो पहलू करार देते हुए गुरुवार को कहा कि इन पार्टियों को वोट देना, वोट 'बर्बाद' करना है।राव आदिलाबाद में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भविष्यवाणी की कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केंद्र में सरकार नहीं बना पाएंगे और आने वाले दिन क्षेत्रीय दलों के हैं। केसीआर ने दोनों पार्टियों की आलोचना करते हुए कहा, सांप्रदायिक कट्टरता भड़काने वाली भाजपा को कचरे में फेंक देना चाहिए। यदि आप भाजपा को एक वोट भी देते हैं, तो वह वोट की बर्बादी है। यदि आप कांग्रेस को वोट देते हैं, तो वह भी वोट की बर्बादी है।

### न मेडिकल कॉलेज दिया, ना नवोदय विद्यालय खोला

राव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि किसी को उस पार्टी को वोट क्यों देना चाहिए जिसने तेलंगाना को एक भी मेडिकल कॉलेज या नवोदय स्कूल नहीं दिया है। तेलंगाना एक धर्मनिरपेक्ष राज्य है और जब तक केसीआर जीवित हैं, यह धर्मनिरपेक्ष रहेगा। राव ने लोगों से बीआरएस उम्मीदवार को वोट देने का अनुरोध करते हुए आगामी चुनावों और 2024 के आम चुनावों में भी उनकी पार्टी के उम्मीदवार को वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि जब राज्य का गठन हुआ था तो राज्य में स्थिति अराजक थी, पीने या सिंचाई के पानी की कोई उचित सुविधा नहीं थी और लोग अन्य स्थानों पर पलायन करते थे। हालांकि, उनकी सरकार ने सब कुछ ठीक कर दिया है।

### राहुल आज पांच निर्वाचन क्षेत्रों का दौरा करेंगे

**हैदराबाद।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को चुनावी राज्य तेलंगाना में पांच विधानसभा क्षेत्रों में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करेंगे। कांग्रेस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष यहां राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरेंगे और हेलिकॉप्टर से पिनापाका पहुंचेंगे, जहां वह एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करेंगे। पिनापाका से वह नरसमपेट जाएंगे जहां वह विभिन्न कार्यक्रमों में दो से तीन घंटे बिताएंगे। वह वारंगल पूर्व और पश्चिम निर्वाचन क्षेत्रों में पद यात्रा करेंगे।

## जरूरी खबर

### बंगाल की खाड़ी में चक्रवात की आशंका

**भुवनेश्वर/कोलकाता।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा है कि बंगाल की खाड़ी में बना गहरे दबाव का क्षेत्र शुक्रवार तक चक्रवाती तूफान का रूप ले सकता है और बांग्लादेश तट को पार कर सकता है। आईएमडी ने एक बुलेटिन में कहा कि गुरुवार को दबाव के क्षेत्र ने मजबूत होकर गहरे दबाव के क्षेत्र का रूप ले लिया और वह 17 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-उत्तरपूर्व दिशा में बढ़ रहा है। यह गुरुवार सुबह आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम के पूर्व-दक्षिणपूर्व में करीब 390 किलोमीटर तथा ओडिशा में पारादीप के दक्षिण-दक्षिणपूर्व में 320 किलोमीटर की दूरी पर था।

### सुब्रत राय पंचतत्व में विलीन, पौत्र ने दी मुखाग्नि



**लखनऊ।** सहारा समूह के संस्थापक सुब्रत राय के पार्थिव शरीर का गुरुवार को लखनऊ में गोमती नदी के किनारे बैकुंठ धाम में अंतिम संस्कार किया गया। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि दाह संस्कार के दौरान राय के दोनों बेटे सुशांतो और सीमांतो मौजूद नहीं थे। राय की चिता को उनके 16 वर्षीय पोते हिमांक ने मुखाग्नि दी। राय की शव यात्रा गोमतीनगर स्थित बैकुंठ धाम के लिए रवाना हुई, उनका अंतिम संस्कार किया गया। दाह संस्कार के दौरान समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी और बॉलीवुड अभिनेता राजबब्बर भी मौजूद थे।

### कतर: मौत की सजा मामले में अपील की प्रक्रिया जारी

**नई दिल्ली।** भारत ने गुरुवार को कहा कि कतर की एक अदालत द्वारा भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को सुनाई गई मौत की सजा के खिलाफ अपील की प्रक्रिया जारी है और उसे इसका सकारात्मक नतीजा निकलने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भारत इस मामले पर कतर के प्राधिकारियों के साथ बातचीत कर रहा है। सरकार भारतीय नागरिकों को सभी कानूनी और दूतावास संबंधी सहायता मुहैया कराना जारी रखेगी। कतर की 'कोर्ट ऑफ फर्स्ट इंस्टेंस' ने 26 अक्टूबर को आठ भारतीयों को मौत की सजा सुनाई थी। बागची ने कहा, मामला फिलहाल वहां कानूनी प्रक्रिया में है। अदालत में एक अपील दायर की गई है। पूरी प्रक्रिया में फैसले को कतर पक्ष द्वारा गोपनीय रखा गया है।

## छठ पूजा और ट्रेनों में जन सैलाब



*पटना। छठ पूजा के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से लोग बिहार व उत्तर प्रदेश स्थित अपने घरों को पहुंच रहे हैं। जिससे ट्रेनों में जबर्दस्त भीड़ है। शुक्रवार को पटना रेलवे स्टेशन के निकट ट्रेन में सवार लोगों की भीड़। - पीटीआई*

**उत्तरकाशी सुरंग हादसा: चार दिनों से फंसे हैं 40 श्रमिक**

# अमेरिकी ऑगर मशीन ने शुरू की ड्रिलिंग, बनेगी एस्केप टनल

एजेंसी | उत्तरकाशी

यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग के एक हिस्से के ढहने से पिछले चार दिनों से उसके अंदर फंसे 40 श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए दिल्ली से लाई गई भारी अमेरिकी ऑगर मशीन से गुरुवार को ड्रिलिंग शुरू कर दी गई। ड्रिलिंग के बाद स्टील के बड़े व्यास वाले पाइपों से 'एस्केप टनल' तैयार की जाएगी ताकि मजदूरों को बाहर निकाला जा सके।

ड्रिलिंग शुरू करने से पहले सिलक्यारा सुरंग के बाहर पूजा भी की गई। बचाव कार्य में आई बाधा के चलते सुरंग में फंसे श्रमिकों का बाहर आने का इंतजार लंबा होता जा रहा है। मंगलवार देर रात मलबे की ड्रिलिंग के दौरान



ताजा भूस्खलन होने व मिट्टी गिरने से काम को बीच में रोकना पड़ा था। बाद में ऑगर मशीन भी खराब हो गई थी। इसके बाद भारतीय वायु सेना के सी—130 हरक्यूलिस विमानों के जरिए 25 टन वजनी, अत्याधुनिक, बड़ी ऑगर मशीन दो हिस्सों में दिल्ली से उत्तरकाशी पहुंचाई गई जिससे अब दोबारा ड्रिलिंग शुरू की गई है ।

### सुरंग में फंसे श्रमिक सुरक्षित

इस बीच, बचाव कार्यों का जायजा लेने सिलक्यारा पहुंचे प्रदेश के पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने कहा कि सुरंग में फंसे सभी श्रमिक सुरक्षित हैं और उनसे लगातार बातचीत हो रही है। उन्होंने कहा कि मलबे के दूसरी ओर लगभग दो किलोमीटर क्षेत्र में श्रमिक मौजूद हैं और उन्हें जल्द ही बाहर निकाल लिया जाएगा।

### श्रमिकों तक पहुंचाई जा रही है खाद्य सामग्री

एनएचआईडीसीएल की ओर से सुरंग का निर्माण कर रही नवयुग इंजीनियरिंग कंपनी के जनसंपर्क अधिकारी जीएल नाथ ने कहा कि सुरंग में फंसे श्रमिकों को हर आधा घंटे में खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा, उन्हें आक्सीजन, बिजली, दवाइयां और पानी भी पाइप के जरिए निरंतर पहुंचाया जा रहा है ।

### ऐसे बनेगी एस्केप टनल


आठ सौ और 900 मिमी के बड़े व्यास के माइल्ड स्टील पाइपों को मलबे में ड्रिलिंग कर बनाए जा रहे रास्ते में डाला जाएगा जिससे एक 'एस्केप टनल' बन जाएगी और उसके जरिए मजदूर बाहर आ सकेंगे।

**राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग का अहम फैसला**

## एमबीबीएस सीटों की सीमा पर फैसला एक साल के लिए टला

एजेंसी | नई दिल्ली

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने कई राज्यों के विरोध के बाद एमबीबीएस सीटों की संख्या प्रति 10 लाख की आबादी पर 100 तक सीमित करने के अपने फैसले को एक साल के लिए टाल दिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा चिकित्सा नियामक को राज्यों में प्रति 10 लाख आबादी पर 100 एमबीबीएस सीटों के अनुपात के प्रावधानों पर फिर से विचार करने के लिए कहे जाने के बाद यह फैसला लिया गया।



आयोग ने कहा है कि नए मेडिकल पाठ्यक्रमों की शुरुआत, मौजूदा पाठ्यक्रमों के लिए सीटों की वृद्धि और मूल्यांकन और रेटिंग विनियम, 2023 शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से लागू किया जाएगा।

### पहले यह कहा गया था अधिसूचना में

इससे पहले एनएमसी के, 16 अगस्त के दिशानिर्देश में कहा गया था कि आगामी अकादमिक सत्र से स्थापित मेडिकल कॉलेजों में अधिकतम 150 एमबीबीएस सीटें होंगी तथा 10 लाख की आबादी पर 100 एमबीबीएस सीटें होंगी। इन नियमों के आधार पर सीटों की सीमा तय करने से स्वास्थ्य पेशेवरों की उपलब्धता के मामले में क्षेत्रीय असमानता दूर होगी।

### गोद देने पर रेप पीड़िता के बच्चे की DNA जांच नहीं

**मुंबई।** बंबई हाई कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा कि गोद दिए जाने के पश्चात दुष्कर्म पीड़िता के बच्चे की डीएनए जांच कराना बच्चे के हित में नहीं होगा। न्यायाधीश जी ए सनाप की एकल पीठ ने 17 वर्षीय लड़की के साथ दुष्कर्म के आरोपी को दस नवंबर को जमानत दे दी थी। लड़की दुष्कर्म के बाद गर्भवती हो गई थी। पीठ ने प्रारंभ में पुलिस से जानना चाहा कि क्या उसने पीड़िता से जन्मे बच्चे की डीएनए जांच कराई है। इस पर पुलिस ने अदालत को सूचित किया कि लड़की ने बच्चे को जन्म देने के बाद उसे गोद देने की इच्छा जताई।

### पांच वर्षों में तीन हजार नई ट्रेनें शुरू करेगा रेलवे



**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को कहा कि रेलवे की मौजूदा यात्री क्षमता को 800 करोड़ से बढ़ाकर एक हजार करोड़ करने के लिए वह अगले चार-पांच वर्षों में तीन हजार नई ट्रेनें शुरू करने की योजना पर काम कर रहे हैं। वैष्णव ने यहां रेल भवन में संवाददाताओं से कहा, यात्रा का समय कम करना उनके मंत्रालय का एक और महत्वपूर्ण लक्ष्य है। इसके लिए हमें तीन हजार अतिरिक्त ट्रेनों की जरूरत है, जो यात्रियों की इस बढ़ी हुई संख्या को सहूलियत देने में मदद करेंगी। रेलवे सूत्रों के मुताबिक, फिलहाल 69 हजार नए कोच उपलब्ध हैं और हर साल रेलवे करीब पांच हजार नए कोच बना रहा है। इन सभी प्रयासों से रेलवे हर साल 200 से 250 नई ट्रेनें ला सकता है, जो 400 से 450 वंदे भारत ट्रेनों से अलग हैं।

**सुरक्षा बलों का एलओसी पर अभियान**

## उरी में घुसपैठ की कोशिश आतंकी कमांडर किया ढेर

एजेंसी | श्रीनगर

पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकवादियों के आकाओं और आंतकवाद की आधारभूत संरचनाओं को बड़ा नुकसान पहुंचाते हुए सुरक्षा बलों ने उरी सेक्टर में घुसपैठ रोधी अभियान में आतंकवादी कमांडर बशीर अहमद मलिक को मार गिराया। नियंत्रण रेखा के समीप सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा चलाए गए संयुक्त अभियान 'ऑपरेशन काली' में बुधवार को मलिक समेत दो आतंकवादियों को मार गिराया



गया। सेना के एक अधिकारी ने कहा, इस अभियान में मुख्य पहलू बशीर अहमद मलिक को मार गिराना है। पाकिस्तानी सीमा से जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद फैलाने में उसका बड़ा हाथ था।

### तीस साल से था सक्रिय

अधिकारी ने बताया कि पिछले 30 वर्षों से सक्रिय मलिक ने कई आतंकवादियों की घुसपैठ में मदद की और उन्हें सीमा पार कराया, जिसकी वजह से कई भारतीय नागरिकों, सुरक्षा कर्मियों को अपनी जान गंवानी पड़ी। उसका मारा जाना नियंत्रण रेखा के पार आतंकवाद के आकाओं और आतंकवाद के आधारभूत ढांचे के लिए एक बड़ा झटका है। सुरक्षा बलों ने विशेष खुफिया सूचना के आधार पर 15 नवंबर की सुबह संयुक्त अभियान शुरू किया था। पिछले कुछ दिनों में इस इलाके में घुसपैठ की यह दूसरी कोशिश थी।

## विद्यार्थियों से संवाद



*नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को नई दिल्ली में लद्दाख से आए विद्यार्थियों के एक दल से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। विद्यार्थी राष्ट्रीय एकता ट्यूर के तहत दौरे पर आए थे।*

**मूल कानून में जुड़ेगा अहम प्रावधान**

# संगठित अपराध के दायरे में होगी सुपारी लेकर हत्या

■ किसी व्यक्ति की मौत पर दोषी को मौत या आजीवन कारावास की सजा

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रस्तावित नए आपराधिक कानून में बड़े वित्तीय घोटाले, पोंजी योजनाएं, साइबर अपराध, वाहन चोरी, जमीन हड़पना और सुपारी लेकर हत्या करना संगठित अपराध के दायरे में आएंगे और अगर ऐसे अपराधों में किसी व्यक्ति की मौत होती है तो दोषी को मौत या आजीवन कारावास की सजा हो सकती है। समिति ने कहा कि



यह मूल कानून में एक बहुत ही प्रभावी जोड़ होगा। भाजपा सांसद बृजलाल की अध्यक्षता वाली गृह मामलों पर संसद की स्थाई समिति ने महसूस किया कि मौजूदा कानून संगठित अपहरण, जमीन हथियाने, सुपारी लेकर हत्या, जबरन वसूली के साथ-साथ कई बड़े वित्तीय घोटालों और मानव तस्करी जैसे कई गंभीर अपराधों से निपटने के लिए अपर्याप्त हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसए-2023) विधेयक को 11 अगस्त को लोकसभा में भारतीय न्याय संहिता और भारतीय सक्षम अधिनियम (बीएसए-2023) विधेयकों के साथ पेश किया गया था। तीन प्रस्तावित कानून दंड प्रक्रिया संहिता अधिनियम, 1898, भारतीय दंड संहिता, 1860 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 को प्रतिस्थापित करेंगे। संसदीय समिति की रिपोर्ट शुक्रवार को राज्यसभा को सौंपी गई।

### ये गैर कानूनी गतिविधि होंगी संगठित अपराध के दायरे में

भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के खंड नौ के अनुसार, अपहरण, डकैती, वाहन चोरी, जबरन वसूली, भूमि हड़पने, सुपारी लेकर हत्या, आर्थिक अपराध, गंभीर परिणाम वाले साइबर अपराध, मानव , ड्रग्स, अवैध वस्तुओं या सेवाओं और हथियारों की तस्करी तथा वेश्यावृत्ति या फिरौती के लिए मानव तस्करी रैकेट सहित गैरकानूनी गतिविधि संगठित अपराध माने जाएंगे।

### आर्थिक अपराधों में विश्वास का उल्लंघन भी शामिल

आर्थिक अपराधों में विश्वास का आपराधिक उल्लंघन शामिल है जैसे जालसाजी, मुद्रा और मूल्यवान प्रतिभूतियों की जालसाजी, वित्तीय घोटाले, पोंजी योजनाएं चलाना, बड़े पैमाने पर विपणन धोखाधड़ी या किसी भी रूप में बड़े पैमाने पर संगठित सट्टेबाजी, धन शोधन और हवाला लेनदेन के अपराधों के लिए धोखा देना। वर्तमान कानून में, आपराधिक साजिश की सजा आजीवन कारावास या दो साल या उससे अधिक की अवधि के लिए कठोर कारावास है।

## CJI ने गौरी की नियुक्ति के फैसले का किया बचाव

एजेंसी | नई दिल्ली

मद्रास हाई कोर्ट की न्यायाधीश के रूप में अधिवक्ता लक्ष्मण चंद्रा विक्टोरिया गौरी की नियुक्ति संबंधी कॉलेजियम के फैसले का बचाव करते हुए, प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने कहा है कि किसी को केवल पूर्व में दिए गए उनके विचारों के आधार पर नहीं आंका जाना चाहिए।

मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै पीठ के समक्ष केंद्र का प्रतिनिधित्व करने वाली वकील को पदोन्नत करने का प्रस्ताव उनके भाजपा से जुड़े होने के आरोपों के बाद विवादों में घिर गया है।

प्रधान न्यायाधीश ने कानूनी पेशे पर हार्वर्ड लॉ स्कूल सेंटर में कहा कि उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने न्यायाधीश के कथित भाषण की प्रकृति पर बहुत ध्यान से गौर किया और केंद्र सहित सभी हितधारकों के साथ जानकारी को साझा किया गया।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि जो वकील विभिन्न राजनीतिक दृष्टिकोणों का प्रतिनिधित्व करते हैं, वे अद्भुत न्यायाधीश बनते हैं। हाई कोर्ट के कुछ बार सदस्यों ने प्रधान न्यायाधीश को पत्र लिखकर लक्ष्मण चंद्रा विक्टोरिया गौरी को अदालत की अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश को वापस लेने का अनुरोध किया था और आरोप लगाया था कि उन्होंने ईसाइयों और मुसलमानों के खिलाफ घृणास्पद टिप्पणियां की थी।

**लोक महोत्सव: सात दिवसीय आयोजन में बड़ी संख्या में प्रस्तुति दे रहे कलाकार**

# 'धरती धोरां री' में शंख की आध्यात्मिक अनुगूंज और नगाड़ों की दिल छूती लय

**बेधड़क.जयपुर।** गुलाबी नगरी में संस्कृति के रंग बिखेरने के लिए 7 दिवसीय लोक संगीत महोत्सव 'धरती धोरां री' की शुरुआत हुई, जिसमें शहर के लोगों को उत्सवी रंग में रंगकर खुशियों से सराबोर किया जा रहा है। इन्फोसिस फाउंडेशन और भारतीय विद्या भवन की ओर से आयोजित समारोह के तहत पहले दिन नगाड़ा के विश्व विख्यात कलाकार नाथू सिंह सोलंकी और उनके साथियों ने शंखनाद की पवित्र धुन के साथ समारोह का आगाज किया। भारतीय विद्या भवन जयपुर केंद्र के चेयरमैन विमल चंद सुराना और कार्यक्रम सचिव राजेन्द्र सिंह पायल ने बताया कि लोकोत्सव 22 नवंबर तक महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम और उसके परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान वर्कशॉप भी होंगी, जिसमें विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे।





### पूंगी वादन और भवई नृत्य बने आकर्षण

समारोह के दूसरे दिन शुक्रवार शाम 6:15 बजे से बाड़मेर के तुगी नाथ का पूंगी वादन और इसी दिन जाने-माने भवई नृत्य गुरू रूप सिंह शेखावत प्रस्तुति देंगे। इस दौरान संस्कृति प्रेमियों का प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। शुक्रवार सुबह 10:30 बजे से राजेन्द्र प्रजापति मार्बल एंड क्ले स्कल्पचर तथा बीकानेर की उस्ता आर्ट के कलाकार वर्कशॉप आयोजित कर लोगों को इन कलाकाओं की जीवंत जानकारी देंगे। इस दौरान कलाकार से कला प्रेमी संवाद करके अपनी जिज्ञासा शांत कर सकेंगे और सवाल-जवाब का दौर चलेगा।

### हौसला अफजाई की तो कलाकार हुए उत्साहित

नाथू सिंह सोलंकी के मदमस्त अंदाज में नगाड़ा वादन ने जयपुराइट्स और कला प्रेमियों को प्रभावित किया। नगाड़ा की धुनें दूर तक गई तो हर कोई रोमांचित हो उठा। दर्शकों ने कलाकार की तालियों से हौसला अफजाई की तो कलाकार उत्साहित नजर आए।

### 100 कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके

अब उत्सव में चरी नृत्य, पूंगी वादन, ध्रुवपद गायन, लोक नृत्यों, लोक नाट्यों और कार्यशालाओं के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजकों ने बताया कि भारतीय विद्या भवन व इनफोसिस फाउंडेशन पिछले 6 वर्षों से कल्चरल आउटरीच प्रोग्राम राजस्थान में आयोजित करता आ रहा है। इसके तहत अब तक 100 कार्यक्रम लोक कलाओं व कलाकारों से संबंधित आयोजित किए जा चुके हैं।

## पूर्वांचल वैशाली बिहार समाज की महिलाओं ने मनाया पर्व



**बेधड़क. जयपुर।** द ऑल अपॉर्चुनिटी इन इंडिया के तत्वाधान में पूर्वांचल वैशाली बिहार समाज की महिलाओं ने जयपुर में भाई दूज व गोवर्धन की पूजा कर त्योहार मनाया। शहर की कई स्थानों से यूपी-बिहार की महिलाएं अजय वाटिका नायला रोड जयसिंहपुरा खोर में एकत्रित हुईं और उल्लास के साथ पर्व को सेलिब्रेट किया। वैशाली बिहार समाज की अध्यक्ष मीना देवी ने बताया, कि भाई दूज का पर्व भाई की सलामती के साथ ही अपने पुत्र की सलामती के लिए मनाया जाता है। इस दौरान बहने अपने भाई को बजरी व नारियल के साथ मिठाई खिलाकर पूजा करती है। पर्व मनाने के दौरान समाज के लोग बड़ी संख्या में आए और एक-दूसरे को बधाई देते हुए गेट टू गेदर भी किया। महिलाओं के साथ बच्चों ने भी पर्व की खुशियां अपने-अपने अंदाज में बांटी तो बड़ों ने बच्चो को इस दिन और त्योहार का महत्व समझाते हुए उनको उपहार दिए।

## समग्र दिवाली स्नेह मिलन में जुटेंगे हजारों समाज बंधु

**बेधड़क. जयपुर।** दीपावली के बाद अब दिवाली स्नेल मिलन का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में जैन युवा व महिला संगठनों की प्रदेश स्तरीय संस्था राजस्थान जैन युवा महासभा की ओर से समग्र जैन समाज का दीपावली स्नेह मिलन समारोह शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन व महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि आयोजन में दिगंबर व श्वेतांबर जैन समाज शामिल होंगे। शाम 4 से 7 बजे तक नारायण सिंह सर्किल स्थित भट्टारकजी की नसियां में होने वाले समारोह के लिए रोटेरियन-लॉयन सुधीर जैन गोधा व मनीष बैद को समन्वयक बनाया गया है। आयोजन में जैन बन्धुओं सहित दिगम्बर व श्वेतांबर जैन समाज के युवा मण्डल, महिला मण्डल, जैन सोश्यल ग्रुप्स, दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप, संगिनी फारम, मंदिर कमेटियों सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों तथा समाज के श्रेष्ठीजन, राजनेता, प्रशासनिक अधिकारी एक प्लेटफॉर्म पर आएंगे और दिवाली की बधाई देते हुए गेट टुगेदर करेंगे।

## अब बिना बैटरी भी चार्ज कर पाएंगे इलेक्ट्रिक व्हीकल



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुराइट्स अब इलेक्ट्रिक व्हीकल बिना बैटरी भी चार्ज कर पाएंगे। ऐसा पावर डायनमो से संभव होगा। यह व्हीकल के लिए पावर जेनेरेट करेगा और इसे व्हीकल में लगाने पर यह खुद ही चार्ज होना शुरू हो जाएगा। अच्छी बात है कि इलेक्ट्रिक साइकिल, जिम की ट्रेडमील और साइकिल को इससे चार्ज कर सकते हैं। इसे बनाने वाले प्रोफेसर मनोज गिटानी ने बताया कि परमानेंट मैग्नेट में मैग्नेटिक पावर होती है। इस फ्री एनर्जी को सीधे काम में नहीं ले सकते। इनके बीच में एक मैग्नेटिक शील्ड मैटेरियल से बना गेट लगा दिया जाए तो उस मैग्नेटिक पावर से इंजन चलाया जा सकता है। जीओपीआई इंजन का डिजाइन वर्ष 2015 में बनाया था।

## 'वोट डालकर आएंगे' थीम पर शुरू हुआ सतरंगी सप्ताह



**बेधड़क. जयपुर।** विधानसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान कराने को लेकर मतदाता जागरूकता के तहत निर्वाचन विभाग की ओर से कई गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से गुरुवार को सतरंगी सप्ताह की शुरुआत हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित के निर्देश पर सतरंगी सप्ताह के पहले दिन जिला स्वीप टीम ने जयपुर के सीकर हाउस स्थित हाजी कॉलोनी में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हम भी नाचेंगे, गाएंगे वोट डालकर आएंगे थीम पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह की मौजूदगी में आयोजित हुए कार्यक्रम में लोक कलाकारों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से आमजन से मतदान की अपील की।

# City इवेंट्स

## राज्यपाल ने महावीर सहित कई खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**बेधड़क. जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने अंतरराष्ट्रीय कोच महावीर सैनी सहित कई खिलाड़ियों को सम्मानित किया। राजधानी में गुरुवार को हुए सम्मान समारोह में कोच सैनी के साथ हाल ही में पैरा एशियाड में विश्व रिकार्ड बनाने वाले सुंदर सिंह गुर्जर, राकेश कुमार, निशानेबाज अवनी लखेरा और बैडमिंटन खिलाड़ी कृष्णा नागर सहित कई खिलाड़ी मौजूद थे। गौरतलब है कि कई अंतरराष्ट्रीय एथलीट तैयार करने वाले महावीर सैनी पैरालंपिक एशियाई विश्व चैंपियनशिप और कई ग्रां प्री एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में भारतीय टीम के कोच रह चुके हैं।

## राजस्थान यूनिवर्सिटी ने प्रोफेसर केएल कमल को दी श्रद्धांजलि

**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति, राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य प्रोफेसर के एल कमल को राजस्थान यूनिवर्सिटी की ओर से श्रद्धांजलि दी गई। वे राजनीति शास्त्र के जाने पहचाने विद्वान थे और राजस्थान पब्लिक सर्विस कमीशन, (आर पी एस सी) के वरिष्ठ सदस्य रहे थे। साथ ही कांग्रेस बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के संयोजक भी रहे। उनकी दोहित्री अंशु वर्मा (विश्व विद्यालय म्यूजिक विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर) ने प्रोफेसर कमल के निधन की सूचना राजस्थान विश्वविद्यालय अधिकारियों को दी। इसके बाद यूनिवर्सिटी परिवार की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनके साथ या सानिध्य में काम कर चुके लोगों ने उनको याद किया और उनके किस्से दोहराए गए।

## श्रमदान कर शहर को बना रहे ग्रीन, लोगों को कर रहे अवेयर

**बेधड़क. जयपुर।** जयपुराइट्स पर्यावरण के लिए लगातार काम कर रहे हैं और शहर को ग्रीन बनाने के लिए लोगों को अवेयर भी कर रहे हैं। ऐसे में टीम 10 ने विद्याधर नगर के सेक्टर 7 में जलवायु विहार के पास ग्रीन बेल्ट में श्रमदान कर न केवल साफ-सफाई की, बल्कि लोगों को भी श्रमदान का संदेश दिया। इस दौरान हर उम्र के लोग इस काम में शामिल रहे। साथ ही पानी के टैंकर से पानी डालकर पेड़-पौधों को सूखने से बचाया। करीब 23 लोगों ने कई घंटों तक श्रमदान करके शहर को साफ और ग्रीन बनाने का काम किया।

**स्पोफिट अकादमी में कल से शुरू होगी प्रतियोगिता**

## निविक डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग की ट्रॉफी, टी-शर्ट का हुआ अनावरण



**बेधड़क | जयपुर**

डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग का पंचम संस्करण 17 नवंबर से स्पोफिट अकादमी में शुरू होगी। लीग चेयरमैन डा अनिल यादव ने बताया कि 26 नवंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता की ट्रॉफी एवं टी शर्ट का अनवारण महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी के वाइस चांसलर डॉ. अचल गुलाटी द्वारा किया गया।

ट्रॉफी एवं टी-शर्ट अनावरण कार्यक्रम में लीग चेयरमैन डॉ. अनिल यादव, डॉ. रजत,डॉ. मनीष, डॉ. सत्यपाल, डॉ. दिलीप गुप्ता, डॉ. सुधांशु, डॉ. विकास, डॉ. निखिल मारवाह, डॉ. मनु सोनी, डॉ. मनीष जैन एवं अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

लीग संयोजक डॉ हरीश भारद्वाज ने बताया कि इस प्रतियोगिता का शुभारंभ भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी नवीन महाजन करेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि सुबोध महिला महाविद्यालय के संयोजक विनय चंद डागा व स्पेशल गेस्ट निविक न्यूरो व ट्रोमा हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. सोनदेव बंसल रहेंगे।

प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों के ट्रायल्स स्पोफिट एकेडमी में और खिलाड़ियों के ऑक्शन टोंक रोड स्थित क्राउन में हो चुके हैं। लीग में जयपुर व जयपुर के बाहर से आए खिलाड़ी भाग लेंगे। लीग में 44 टीम व 300 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। लीग सचिव डॉ. हनुमान खोजा ने बताया कि इस बार डीबीएल ट्रायो चैंपियनशिप का भी आयोजन किया जाएगा।

## नाना पाटेकर ने थप्पड़ कांड पर मांगी माफी



**जयपुर।** बॉलीवुड अभिनेता नाना पाटेकर एक बार फिर सुर्खियों में हैं, क्योंकि शूटिंग के दौरान उन्होंने एक बच्चे को सेल्फी लेने के चक्कर में थप्पड़ मार दिया। अब नाना ने उस घटना पर माफी मांगते हुए एक वीडियो जारी किया है, जिसमें उन्होंने अफसोस जताते हुए माफी मांगी है। वीडियो में नाना पाटेकर हाथ जोड़ते हुए भी नजर आ रहे हैं। दूसरी ओर जिस लड़के को उन्होंने थप्पड़ मारा था उसे खूब पब्लिसिटी मिल रही है और वह मीडिया व सोशल मीडिया में छाया हुआ है। लड़के ने भी बयान में कहा, कि मैं फोटो क्लिक करने गया था और मुझे मार कर भगा दिया गया है। इससे मुझे बहुत दुख हुआ है। गौरतलब है, कि यूपी के वाराणसी में शूटिंग के दौरान नाना पाटेकर ने एक युवक की ओर से सेल्फी लेने के दौरान थप्पड़ मार दिया था। इसके बाद पास ही खड़े क्रू मैंबर ने लड़के को गर्दन से पकड़कर धक्का देते हुए वहां से भगा दिया था। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ और नाना पाटेकर को ट्रोल किया गया।

**विश्लेषण** रिलीज के वक्त तक हीरो-हीरोइन या डायरेक्टर तक नहीं थे फॉर्म में, फिर भी कमाई 600 करोड़ के पार

# शाहरुख-सलमान की मूवीज से बड़ी है गदर2 की सक्सेस

**बेधड़क | जयपुर**

शाहरुख खान की फिल्म पठान और जवान सुपरहिट रही। सलमान की टाइगर 3 भी सफलता के झंडे गाड ही रही है। इन दोनों स्टार्स की यह सफलता जबरदस्त है, लेकिन इनकी सक्सेस से ज्यादा बड़ी सनी देओल की कामयाबी है। गदर 2 की सक्सेस है। कैसे? बताता हूं। शाहरुख और सलमान दोनों की मूवीज के साथ बहुत बड़ा प्रोडक्शन हाउस यशराज जुड़ा हुआ है।

दोनों की मूवीज के डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद, एटली और मनीष शर्मा बॉलीवुड के बड़े नाम हैं। दोनों स्टार्स का अपना एक अलग स्टारडम था, ऐसे में मूवीज का बॉक्स ऑफिस पर धमाका करना दिख ही रहा था।

बात करें बॉक्स ऑफिस पर कमाई की तो ये सब मूवीज पैन इंडिया मूवीज थीं, ऐसे में कलेक्शन जो आए वो पूरे देशभर के थे। सभी भाषाओं के, तो वो ज्यादा होने ही थे। इस सबके उलट अगर हम बात करें गदर 2 की तो इसके साथ मूवी के हीरो खुद सनी देओल सहित ऐसा कोई भी बड़ा नाम नहीं जुड़ा हुआ था जो रिलीज के वक्त फॉर्म में हो। इस सबके बावजूद मूवी का बॉक्स ऑफिस पर 600 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन करना इसकी सक्सेस को और बड़ा बनाता है।



### ओएमजी 2 मूवी से था मुकाबला

गदर 2 अक्षय कुमार की ओह माई गॉड 2 के सामने रिलीज हुई थी। वह भी एक हिट सीक्वल था, ऐसे में मूवी की कमाई को नुकसान तो होना ही था। वह मूवी भी अच्छी चली तो उसने गदर 2 का शेयर भी लिया। इस सबके बावजूद सनी देओल की गदर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर अकेले हिंदी भाषा में वो गदर मचाया कि कई पैन इंडिया मूवीज कमाई के मामले में उसके सामने पानी भरती नजर आई। वह भी ऐसे वक्त में जब उस मूवी के हीरो सनी देओल फॉर्म में नहीं थे। हीरोइन तो सुर्खियों में छोड़िए बॉलीवुड से ही गायब थीं। फिल्म के डायरेक्टर अनिल शर्मा भी डायरेक्शन में उन दिनों कहीं चर्चा में नहीं थे। प्लस पॉइंट था तो बस एक कि यह सुपहिट फिल्म गदर का सीक्वल थी। उसके लार्जर देन लाइफ कैरेक्टर तारा सिंह और सकीना और उसका नाचने को मजबूर कर देने वाला गीत-संगीत सोने पर सुहागा साबित हुआ।

### चार घंटे की मुलाकात के बाद भी अमेरिकी राष्ट्रपति का नहीं बदला मन!

# बाइडेन ने चीनी राष्ट्रपति को बताया 'तानाशाह'

**एजेंसी** | वुडसाइड (कैलिफोर्निया)

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एक बार फिर चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग को ''तानाशाह'' करार दिया। इसे ठीक एक घंटे पहले शी तथा बाइडेन ने मुलाकात की थी और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बहाल करने के लिए रचनात्मक बातचीत की थी। दोनों नेताओं ने सैन फ्रांसिस्को में एशिया प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन (एपीईसी) से इतर मुलाकात की थी।

बाइडेन ने इस वर्ष की शुरुआत में भी शी के बारे में ऐसा ही बयान दिया था। इस बारे में याद दिलाए जाने पर उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि ' देखिए वह हैं (तानाशाह)।' बाइडेन ने कहा कि मेरा मतलब है कि वह इस मायने में तानाशाह हैं कि वह ऐसे देश का नेतृत्व करने वाले व्यक्ति हैं जो कम्युनिस्ट देश है और जो ऐसी सरकार से चलता है जो हमसे एकदम अलग है। उन्होंने चार घंटे की बैठक के बारे में कहा कि हमने प्रगति की है। इससे पहले दोनों नेताओं ने नवंबर 2022 में इंडोनेशिया के बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर आमने-सामने की मुलाकात की थी।

बाइडेन ने इससे पहले कैलिफोर्निया में जून में चंदा इकट्ठा करने के एक कार्यक्रम के दौरान शी (70) की तुलना तानाशाहों से की थी। बाइडन फरवरी में अमेरिकी हवाई क्षेत्र में अमेरिकी लड़ाकू विमानों द्वारा चीनी जासूसी गुब्बारे को मार गिराने पर शी की प्रतिक्रिया पर चर्चा कर रहे थे। हालांकि तब चीन के अधिकारियों ने बाइडेन के उस बयान को बकवास और उकसावे वाला करार दिया था। अब बाइडेन ने फिर उसी प्रकार का बयान दिया है जिससे चीन पुनः आक्रोशित हो सकता है।



### दोनों पक्ष यह सुनिश्चित करेंगे कि न बिगड़े संबंध

वुडसाइड (कैलिफोर्निया)। अमेरिका और चीन के बीच एक अहम बैठक यहां संपन्न हुई जिसमें अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन तथा चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग ने यह सुनिश्चित करने पर सहमति जताई कि दोनों देशों के बीच मतभेद दूर किए जा सकें और संबंध बेपटरी नहीं हों। दोनों नेताओं ने एक वर्ष के अंतराल में पहली बार व्यक्तिगत तौर पर मुलाकात की, जो चार घंटे से अधिक समय तक चली। यह बैठक सैन फ्रांसिस्को से लगभग 40 किमी दूर दक्षिण में वुडसाइड के फिलोली मैंशन में हुई। यह बातचीत द्विपक्षीय बैठक के रूप में, दोपहर भोज के दौरान तथा मैंशन के बाग में टहलते हुए, कई तरीके से हुई। अपने-अपने प्रतिनिधिमंडलों के साथ एक लंबी मेज पर आमने-सामने बैठे दोनों नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि टकराव से बचना और सहयोग पर ध्यान केंद्रित करना दोनों देशों के हित में है। एक अधिकारी ने बताया कि बातचीत काफी स्पष्ट और सहज थी। उन्होंने कहा कि बाइडेन ने शी के समक्ष अपने विचार और चिंताएं स्पष्ट तौर पर रखीं और माना जाता है कि शी ने भी अपने तर्कों के साथ अपनी बात रखी। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों, ईरान, पश्चिम एशिया, यूक्रेन, ताइवान, हिंद-प्रशांत, आर्थिक मुद्दों, कृत्रिम मेधा, मादक पदार्थ और जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रीय तथा प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की।



### सैन्य संचार बहाल करने पर हुए सहमत

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनके चीनी समकक्ष शी जिनफिंग ने तनावपूर्ण संबंधों के दौर के बाद कामकाजी संबंध स्थापित करने के लिए चार घंटे की मुलाकात के दौरान उच्च स्तरीय सैन्य संचार, मादक द्रव्य विरोधी सहयोग और कृत्रिम मेधा समेत कई मुद्दों पर चर्चा फिर से शुरू करने पर सहमति व्यक्त की है। दोनों नेताओं की मुलाकात सैन फ्रांसिस्को में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन से इतर हुई। बैठक के बाद बाइडेन ने कहा कि हम खुलकर और स्पष्ट संचार के रास्ते पर लौट आए हैं।

### चीनी कोयला कंपनी की इमारत में लगी आग

# 26 जिंदा जले, 60 घायल

**एजेंसी** | बीजिंग

उत्तरी चीन के शांक्सी प्रांत में एक कोयला खदान कंपनी की इमारत में गुरुवार को आग लगने से 26 लोगों की मौत हो गई, जबकि 60 से अधिक लोग घायल हो गए। चीन के सरकारी मीडिया की खबरों के मुताबिक, ल्युलियांग सिटी के लिशी जिले में स्थित पांच मंजिला इमारत की दूसरी मंजिल पर आग सुबह करीब छह बजकर 50 मिनट पर लगी।

आग लगने से 26 लोगों की मौत हो गई और 60 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल भेजा गया। ग्लोबल टाइम्स अखबार ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और बचाव प्रयास जारी हैं। यह इमारत एक निजी कोयला खदान कंपनी की है।



### 2015 में भी हुआ था भीषण हादसा

चीन के इतिहास में आग लगने की सबसे बड़ी घटना साल 2015 में हुई थी। उस दौरान चीन के तियानजिन के एक केमिकल गोदाम में विस्फोट हुआ था। इसमें 165 लोग मारे गए थे और दर्जनों लोग घायल हो गए थे।

### चीन में अक्सर होती हैं आग लगने की घटनाएं

चीन के औद्योगिक क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं आए दिन होती रहती हैं। इसकी वजह चीन में अक्सर सुरक्षा मानकों को लागू करने में ढिलाई को माना जाता है। इससे पहले इसी साल अप्रैल में राजधानी बीजिंग के एक अस्पताल में भीषण आग लग गई थी। इसमें 29 लोगों की जलने से मौत हो गई थी। इसके अलावा इसी साल अक्टूबर में भी चीन के उत्तर-पश्चिमी प्रांत यिनचुआन में बारबेक्यू रेस्तरां में विस्फोट हो गया था। इसमें 31 लोग मारे गए थे।

### यूक्रेन को नैतिक और कूटनीतिक समर्थन देना जारी रखेगा ब्रिटेन

# डेविड कैमरन और जेलेंस्की की मुलाकात

**एजेंसी** | कीव

ब्रिटेन के विदेश मंत्री के तौर पर अपनी पहली विदेशी यात्रा के दौरान डेविड कैमरन ने गुरुवार को यहां यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदीमीर जेलेंस्की से मुलाकात की। बैठक के दौरान कैमरन ने यूक्रेन को रूस के खिलाफ युद्ध में सैन्य सहायता प्रदान करना जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई।

ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री कैमरन सोमवार को कैबिनेट फेरबदल में एक आश्चर्यजनक नियुक्ति के साथ सरकार में लौटे। कैमरन ने कहा कि वह विदेश मंत्री के तौर पर सबसे पहले कीव की यात्रा करना चाहते हैं। राष्ट्रपति द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो के अनुसार, कैमरन ने जेलेंस्की से कहा कि वे यूक्रेनी लोगों के सामर्थ्य और दृढ़ संकल्प की प्रशंसा करते हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन, यूक्रेन को नैतिक और कूटनीतिक समर्थन देना जारी रखेगा।






### गाजा से सुरक्षित निकाली गई भारतीय महिला

**यरूशलम/काहिरा।** हमास के शासन वाले गाजा से वहां स्थित भारतीय मिशन की मदद से सुरक्षित निकाली गई भारतीय महिला लुबना नाजिर शाबू अब काहिरा से कश्मीर के लिए अपनी यात्रा का इंतजार कर रही है। गाजा में रह रही जम्मू कश्मीर की लुबना और उसकी बेटी करीमा ने राफा सीमा पार की और अगले दिन मिस्र की राजधानी काहिरा पहुंचीं और अब वे कश्मीर वापसी का इंतजार कर रही हैं।

### बलूचिस्तान में बदमाशों ने चौकी पर किया हमला

# 3 पुलिसकर्मियों को बनाया बंधक

**एजेंसी** | कराची

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में हथियारों से लैस व्यक्तियों ने एक सुरक्षा जांच चौकी पर हमला करने के बाद पुलिस के तीन सिपाहियों को बंधक बना लिया। अधिकारियों ने बताया कि घटना तुर्बत में स्थित एक पुलिस जांच चौकी की है।

हथियारबंद लोगों ने तीन सिपाहियों को बंधक बनाने के अलावा उनकी बंदूकें और गोलियां भी छीन लीं। अधिकारियों के मुताबिक, भारी मात्रा में हथियारों से लैस छह से आठ बदमाशों ने सुरक्षा जांच चौकी पर हमला किया। हालांकि, अभी तक किसी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। अधिकारियों ने बताया कि इस बीच प्रातीय राजधानी क्वेटा में सुरक्षा बलों ने छावनी क्षेत्र में जबरन घुसने के लिए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

अधिकारियों ने बताया कि व्यक्ति को जांच चौकी में घुसने से पहले रुकने और अपनी पहचान जाहिर करने के लिए कहा गया, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। संदिग्ध की पहचान ईसा खान के रूप में हुई है।

### निज्जर मर्डर केस पर लंदन में बोले विदेश मंत्री...


# कनाडा ने भारत को नहीं दिए सबूत

**एजेंसी** | लंदन

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार के एजेंटों की भूमिका के कनाडा के आरोपों पर जांच से भारत ने इनकार नहीं किया है, लेकिन वह चाहता है कि कनाडा अपने आरोपों के संबंध में भारत को सबूत मुहैया कराए।

जयशंकर ने वरिष्ठ पत्रकार लियोनेल बार्बर के साथ यहां 'हाऊ ए बिलियन पीपुल सी द वर्ल्ड' शीर्षक वाले कार्यक्रम में बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि अगर आपके पास इस प्रकार के आरोप लगाने के कारण हैं तो कृपया करके सबूत साझा कीजिए क्योंकि हम जांच से तो इनकार नहीं कर रहे। पांच दिन की ब्रिटेन यात्रा पर आए जयशंकर ने कहा कि कनाडा ने अपने आरोपों के पक्ष में भारत के साथ कोई सबूत साझा नहीं किए हैं।

यह पूछे जाने पर कि क्या जयशंकर को लगता है कि निज्जर एक आतंकवादी है, विदेश मंत्री ने कहा कि उसका एक ट्रैक रिकॉर्ड है जो सोशल मीडिया पर है। हर कोई इस बारे में अपनी राय बना सकता है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि अभिव्यक्ति तथा बोलने की स्वतंत्रता साथ में जिम्मेदारी भी लाती है और इन स्वतंत्रताओं का दुरुपयोग करना तथा राजनीतिक उद्देश्यों के लिए उस दुरुपयोग को बर्दाश्त करना बहुत गलत होगा। उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे पर अपनी कनाडाई समकक्ष मेलानी जोली के संपर्क में हैं।



### जस्टिन ट्रूडो ने लगाए थे आरोप

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने ब्रिटिश कोलंबिया में 18 जून को खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की 'संभावित' संलिप्तता के आरोप सितंबर में लगाए थे जिसके बाद से भारत और कनाडा के संबंध बेहद तनावपूर्ण हो गए थे। भारत ने 2020 में निज्जर को आतंकवादी घोषित किया था। भारत ने आरोपों को 'बेतुका' करार देते हुए खारिज कर दिया था। पिछले सप्ताह पीएम ट्रूडो ने कहा था कि कनाडा भारत के साथ 'झगड़ा' नहीं चाहता। साथ ही उन्होंने अपने आरोपों को फिर दोहराया था।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl